RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 101 ● भिलाई, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षेप न्यूज

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रंप उजागर कर जाते हैं : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कहा है कि मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई ।

लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा जहाँ प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रंप उन्हें उजागर कर देते हैं। अपनी ओर से, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि दीवाली की शुभकामनाओं के अलावा, उन्होंने रूस से भारत के तेल आयात के बारे में भी बात की और उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि ये आयात बंद कर दिए जाएँगे।

पिछले छह दिनों में यह चौथी बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की नीति की घोषणा की है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना नोश्की ज़िले की है, जहाँ अज्ञात बंदूकधारी पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी कर मौके से फ़रार हो गये।
पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गयी। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान जारी है।

### वाराणसी में 511 क्विंटल प्रसाद से सजा माता अन्नपूर्णा का दरबार

**वाराणसी।** वाराणसी के अन्नपूर्णा मंदिर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव की धूम देखने को मिली। मंदिर में कच्चे और पक्के खाद्य पदार्थों से तैयार 511 क्विंटल प्रसाद से माता का दरबार भव्य रूप से सजाया गया।
पांच दिवसीय स्वर्ण प्रतिमा दर्शन के अंतिम दिन मंदिर के मंडप में माता अन्नपूर्णा का दरबार अन्न से अलंकृत किया गया।
ब्राह्मणों द्वारा विशेष आरती और पूजन किया गया, साथ ही माता का विशेष श्रृंगार भी किया गया।
माता अन्नपूर्णा को 56 भोग अर्पित किए गए। लड्डुओं से सजाए गए 'मां अन्नपूर्णा' और 'जय श्री राम' के स्वरूप भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। मान्यता है कि भगवान शिव ने काशी के भरण-पोषण के लिए माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इस पावन अवसर पर लाखों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### फिरोजाबाद में बाईकों की टक्कर में दो की मौत, महिला घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के रामगढ़ क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई है जबकि एक महिला घायल हो गई है। पुलिस ने बताया कि ललित यादव (31) अपनी पत्नी के साथ त्योहार पर उन्नाव जा रहे थे कि उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रहे सन्नी (19) की बाइक से टकरा गयी। इस हादसे में ललित और सन्नी की मौत हो गयी जबकि महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को प्रदान किया स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड

**इस महत्वपूर्ण उलपब्धि के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कंवर का जिला प्रशासन द्वारा किया गया सम्मान**



**बालोद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में बालोद जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के चयनित 186 जनजातीय बहुल ग्रामों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर एवं इन ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से शासकीय योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा जमीनी स्तर पर नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा जनजातीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सराहनीय प्रयास किया गया है। इसके अलावा इस दौरान जिले के चयनित सभी 186 गांवों में ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया गया।

जिसके फ्लस्वरूप भारत सरकार के द्वारा बालोद जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। बालोद जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बालोद जिला प्रशासन द्वारा सयुंक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर सहित एसडीएम सुरेश साहू एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया गया।

कलेक्टर मिश्रा ने जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की भूरी-भूरी सराहना करते हुए इसके प्रमुख सूत्रधार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर सहित अन्य अधिकारियों के कार्यो की भूरी-भूरी सराहना की। इसके लिए उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद वाटिका पहुंचकर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित शहीद वाटिका पहुंचे। उन्होंने अमर जवान स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उनके परिजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए), 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है।
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस प्रगति का ब्योरा साझा किया। यादव ने कहा, यह सभी भारतीयों के लिए खुशी का एक कारण है। पिछले आकलन में, भारत दसवें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि देश ने वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में भी विश्व स्तर पर अपना तीसरा स्थान बनाये रखा है, जो सतत वन प्रबंधन और पारिस्थितिकीय संतुलन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यादव ने कहा कि यह उल्लेखनीय प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की सफलता को रेखांकित करती है, जिनका उद्देश्य वन संरक्षण, वनीकरण और समुदाय-नेतृत्व वाली पर्यावरणीय कार्रवाई है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि मोदी सरकार की वन संरक्षण एवं संवर्धन की योजना और नीतियों तथा राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के प्रयासों के फ्लस्वरूप प्राप्त हुई है।

## महोबा का अति प्राचीन गोवर्धन मेला आज से शुरु

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा में एक माह तक चलने वाला चरखारी स्टेट का अति प्राचीन सुप्रसिद्ध धार्मिक श्री गोवर्धन नाथ मेला परम्परागत तरीके से आरम्भ हो गया।
जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से विधिवत पूजन-अनुष्ठान के साथ मेले की शुरूआत की।
इस दौरान आकर्षक रंगीन आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया।
बुंदेलखंड के मिनी वृंदावन के नाम से विख्यात चरखारी में धार्मिक महत्व के प्राचीन मेले की परंपरा के अनुसार श्री गोवर्धन नाथ के लगभग पांच फीट ऊंचाई के विग्रह व अन्य देव प्रतिमाओं को ड्योढ़ी स्थित मंदिर से लाकर मेला परिसर में तैयार किये गए आकर्षक बंगले में पहुचाया गया।
इसकी नगर में भव्य शोभायात्रा (सवारी) निकाली गई।
हाथी,घोड़ा और बैंड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा का नगर वासियों ने पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने इस दोरान जगह-जगह देव प्रतिमाओं की आरती उतारी। करीब ढाई किलोमीटर के परंपरागत मार्ग को तय करके शोभायात्रा का मेला परिसर पहुंचने पर सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने जयकारों का उदघोष कर स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अमित शाह को उनके 61वें जन्मदिन पर दी बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 61वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह के जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण और भारत के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जनसेवा के प्रति उनका समर्पण और प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए उनके अथक प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं।

ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। बाइस अक्टूबर, 1964 को मुंबई के एक गुजराती परिवार में जन्मे अमित शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, जिन्होंने देश भर में पार्टी के विस्तार और सफ्लता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका जुड़ाव 1980 के दशक में गुजरात आरएसएस में उनके शुरुआती दिनों से है।

इस खास दिन पर शाह अहमदाबाद स्थित अपने आवास पर गुजराती नव वर्ष, बेस्टु वरस, मनाने वाले हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों और त्योहारों की शुभकामनाओं के साथ मेहमानों का स्वागत करेंगे।

## जैश ने महिलाओं की भर्ती के लिये शुरू किया ऑनलाइन जिहादी कोर्स



**नयी दिल्ली।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन जिहादी कोर्स 'तुफ्त अल-मुमिनात' शुरू किया है जिसका नेतृत्व आतंकवादी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारूक की पत्नी करेंगी। जैश ने इस कोर्स के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपये का चंदा निर्धारित किया है। कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आंतकवादी संगठन घोषित और पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित जैश-ए-मोहम्मद एक महिला ब्रिगेड तैयार कर रहा है और इसे जमात उल-मुमिनात नाम दिया है।

अब मीडिया में सामने आए नये दस्तावेज़ों और विवरण से पता चला है कि आतंकी समूह ने धन इकट्ठा करने और अपनी महिला ब्रिगेड में अधिक से अधिक महिलाओं की भर्ती करने के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है।

इस कोर्स का नाम 'तुफ्त अल-मुमिनात' दिया है।

संगठन को मज़बूत करने और अपनी महिला ब्रिगेड में और ज़्यादा महिलाओं की भर्ती करने के लिए इस कोर्स के तहत जैश-ए-मोहम्मद के सरगनाओं (जिनमें आतंकवादी मसूद अज़हर और उसके कमांडरों की रिश्तेदार भी शामिल हैं) से संबंधित महिलाएं प्रतिभागियों को जिहाद, धर्म और इस्लाम के नज़रिए से अवगत करायेंगी।

गौरतलब है कि मसूद अजहर ने आठ अक्टूबर को जैश-ए-मोहम्मद की महिला ब्रिगेड जमात उल-मुमिनात के गठन की घोषणा की थी और 19 अक्टूबर को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में महिलाओं को समूह में शामिल करने के लिए 'दुख्तरान-ए-इस्लाम नामक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान में चरमपंथी गुट महिलाओं का अकेले बाहर जाना अनुचित मानते हैं, इसलिए जैश-ए-मोहम्मद अब महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा है।

## संतों की कृपा और जनता के विश्वास से ही संभव हुआ सुशासन का दीपोत्सवः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लैलूंगा के भुईयांपानी में दीप महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

दीपावली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायगढ़ जिले के लैलूंगा तहसील के ग्राम भुईयांपानी पहुँचे। यहाँ उन्होंने गुरुधाम में आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपने आराध्य संत गुरुदेव स्वामी धनपति पंडा जी एवं प्रेमशीला पंडा की प्रतिमाओं के समक्ष नमन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री साय ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दीपोत्सव हर घर में



उजियारा और हर जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं प्रेम का प्रकाश फैलाए। उन्होंने कहा कि गुरु का आशीर्वाद सदैव हम सब पर बना रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिवमंदिर में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा हनुमान मंदिर एवं वटवृक्ष की पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह संतों और प्रदेश की जनता का ही आशीर्वाद है कि एक किसान का बेटा मुख्यमंत्री बना है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के 22 महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के विकास के लिए राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस प्रदान किया गया है।

धान खरीदी की सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी गई है। धान का मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं।

## पेरु की राजधानी लीमा में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** पेरू के राष्ट्रपति होसे हेरी ने बिगड़ते हालात से निपटने के लिए राजधानी लीमा



और पड़ोसी कैलाओ क्षेत्र में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है।
हेरी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने आपातकालीन उपाय लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मंगलवार आधी रात से लागू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा, हम अपराध के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षात्मक रवैये से आक्रामक रवैये की ओर बढ़ रहे हैं, एक ऐसी लड़ाई जो हमें शांति, सौहार्द और लाखों पेरूवासियों का विश्वास फिर से हासिल करने में मदद करेगी। हम पेरू में असुरक्षा के खिलाफ लड़ाई के इतिहास को बदलने की शुरुआत कर रहे हैं।

## सरकार की अधिसूचना में ऑपरेशन सिंदूर के रणबांकुरों की शौर्य गाथाओं का उल्लेख

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक राजपत्रित अधिसूचना जारी कर ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान मातृ भूमि की रक्षा करते हुए असाधारण साहस और शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए वीरता पुरस्कारों से सम्मानित भारत माता के रणबांकुरों की शौर्य गाथा की जानकारी दी है। गत चार से 10 अक्टूबर तक की इस साप्ताहिक अधिसूचना में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर करने वाले रणबांकुरों की बहादुरी का जिक्र किया गया है।
अधिसूचना में ऑपरेशन सिंदूर में भूमिका के लिए वीर चक्र से सम्मानित रणबांकुरों के प्रशस्ति पत्रों के बारे में विस्तार से बताया गया है।
इसमें कहा गया है कि सेना और वायु सेना के वीरों ने किस तरह प्रतिकूल परिस्थितियों में दुश्मन के क्षेत्र में निर्धारित




लक्ष्यों को निशाना बनाकर ऑपरेशन के लक्ष्यों को कैसे हासिल किया।
जहां वायु सेना ने सटीक हवाई कार्रवाई से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया वहीं सेना ने नियंत्रण रेखा से लगते पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के क्षेत्रों में भीषण गोलाबारी और ड्रोन के जरिये आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। भारतीय वायु सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों की जवाबी कार्रवाई की कोशिश से आसमान से लड़ाकू विमानों की बमबारी शुरू हो गयी लेकिन भारतीय हवाई योद्धाओं ने अपने ठोस और सटीक हमलों से पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर कर दिया।
प्रशस्ति पत्रों के विवरण से पता चलता है कि वायु सेना और सेना के क्रमश हवाई और जमीनी अभियान ठोस रणनीति पर आधारित होने के कारण बहुत तेज और सटीक थे। वीर चक्र से सम्मानित सेना के कर्नल कोषांक लांबा के प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि उन्होंने बिना समय गंवाए बहुत ही कम समय में एक विशेष उपकरण बैटरी प्रणाली को सक्रिया किया जिससे पूरी गोपनीयता के साथ''ऑपरेशन' के लिए समय पर अंतर-कमान संचालन सुनिश्चित किया जा सका ।इससे तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल से ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सका।

## गुजरात में एकता दिवस परेड में बीएसएफकी स्वदेशी के-9 टुकड़ी बिखेरेगा अपना जलवा

**नयी दिल्ली** भारत की समृद्ध श्वान विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक उल्लेखनीय कदम के रूप में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) गुजरात के एकता नगर में आगामी एकता दिवस परेड के दौरान विशेष रूप से भारतीय नस्ल के श्वानों का एक अनूठा मार्चिंग दस्ता प्रस्तुत करेगा। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस कार्यक्रम में एक विशेष श्वान प्रशिक्षण प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें इन देशी नस्लों के सामरिक कौशल, अनुशासन और परिचालन कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा जो देश के गौरवशाली एवं आत्मनिर्भर के9 बल का एक जीवंत प्रतीक है। देशी भारतीय नस्लों को लंबे समय से उनके साहस, वफ़ादारी एवं शक्ति के लिए जाना जाता रहा है। राज दरबारों एवं युद्धक्षेत्रों में उनकी उपस्थिति, भारत की सैन्य एवं सांस्कृतिक विरासत में व्याप्त मानव एवं श्वान के बीच के गहरे संबंधों को दर्शाती है।

बयान में कहा गया कि बीएसएफ ने दो प्रसिद्ध देशी श्वानों की नस्लों रामपुर हाउंड और मुधोल हाउंड को अपनी के9 इकाइयों में शामिल करके महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अपनी चपलता, सहनशक्ति, अनुकूलता एवं लचीलेपन के लिए प्रसिद्ध ये देशी नस्लें भारत की विविध भू-जलवायु परिस्थितियों के लिए बहुत उपयुक्त हैं। इनकी प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता, कम रखरखाव एवं कठोरता इन्हें देश की सीमाओं पर बीएसएफ द्वारा निभाई जाने वाली चुनौतीपूर्ण परिचालन भूमिकाओं के लिए आदर्श बनाती है।

# अनुनय कान्वेंट का जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया

**सक्ती।** जिले मैं आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रतियोगिता में अनुनय कान्वेंट स्कूल, सक्ती के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अर्जित किए और ज़ोन स्तर के लिए चयनित हुए। यह प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद् रायपुर के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदिनी द्विवेदी के आदेश अनुसार व्याख्याता सी एल राठौर के प्रभार में एवं अन्य अनुभवी शिक्षकगणों के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में विज्ञान की भूमिका को प्रोत्साहित करना था। इसमें जिलेभर के विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों, क्विज़ और विज्ञान नाटिका के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया एवं निर्णायक मंडल में क्षेत्र के विशेषज्ञ शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। अनुनय कान्वेंट स्कूल से मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं



के हर्षवर्धन सिंह जगत ने वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सौरभ भारद्वाज ने वेस्ट वाटर कंज़र्वेशन एंड मैनेजमेंट विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थी अपनी शानदार प्रस्तुति के आधार पर ज़ोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की यामिनी गबेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया और वह भी ज़ोन स्तर के लिए चयनित हुई हैं। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में अनुनय कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना÷ विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नाटिका में शिवांश बनर्जी, योगेश देवांगन, यश कंवर, ऋधिमा चंद्रा, लक्षिता यादव, मिनी देवांगन, अब्दुल वाजिद और खुशी निर्मलकर ने अपने अभिनय से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। इस प्रस्तुति का निर्देशन शिक्षिका अपर्णा बोस के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय के निदेशक योगेश कुमार साहू ने कहा कि विकासखंड स्तर पर दिखाया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन आज जिले स्तर पर भी जारी रहा – यह दर्शाता है कि हमारे विद्यार्थी निरंतर मेहनत, मार्गदर्शन और रचनात्मक सोच से नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों निखिल साहू, मयंक साहू, अविनाश देवांगन, अजय कुमार, उमा पटेल, सीमा पटेल और कुमकुम सोनी के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों की बारीक तैयारी की। निदेशक योगेश कुमार साहू, प्राचार्य किरण श्रीवास, श्रुति गबेल, बिंदा देवांगन, ममता देवांगन, शैलेंद्र डेंसिल, पुष्पेंद्र राठोर और समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए ज़ोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।

# लालू-तेजस्वी की पसंद बनी रामानुजगंज की बेटी

## डॉ.स्मिता पूर्वे ने रचा इतिहास परिहार विधानसभा से लड़ेंगी चुनाव



**रामानुजगंज ।** छत्तीसगढ़ की धरती की एक और बेटी ने देश की राजनीति में नई इबारत लिखने की दिशा में कदम बढ़ाया है। रामानुजगंज शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अमीरचंद गुप्ता एवं तारा गुप्ता की छोटी पुत्री डॉ.स्मिता पूर्वे को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सीतामढ़ी जिले की परिहार (क्रमांक-25) विधानसभा सीट से अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ.स्मिता पूर्वे का विवाह बिहार के वरिष्ठ राजनेता,पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ.रामचंद्र पूर्वे के सुपुत्र से हुआ है। परिहार विधानसभा क्षेत्र नेपाल की सीमा से सटा इलाका है,जहाँ से स्वयं डॉ.रामचंद्र पूर्वे अतीत में जनप्रतिनिधि रह चुके हैं। इस बार राजद ने उसी परंपरा और जनविश्वास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने डॉ. स्मिता पूर्वे की जनसक्रियता,शिक्षा जगत से जुड़ाव और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें टिकट प्रदान किया है। डॉ. स्मिता पूर्वे न केवल एक शिक्षाविद हैं, बल्कि समाज सेवा और जनसंवाद के क्षेत्र में उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। बिहार और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में उन्होंने शिक्षा, बालिका उत्थान और ग्रामीण महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया है। परिहार और सीतामढ़ी क्षेत्र में टिकट घोषणा के बाद उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। वहीं रामानुजगंज में भी इस खबर से गौरव और प्रसन्नता की लहर है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिहार विधानसभा में जब रामानुजगंज की बेटी बोलेगी,तो यह छत्तीसगढ़ के हर नागरिक के लिए सम्मान की बात होगी। देखना दिलचस्प होगा कि सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से निकलकर राजनीति के इस नए सफर में डॉ.स्मिता पूर्वे जनता का विश्वास कितना अर्जित कर पाती हैं। लेकिन इतना तय है कि रामानुजगंज की मिट्टी से निकली यह बेटी, अब बिहार की सियासत में एक नई पहचान गढ़ने को तैयार है।

# भाजपा नेता कृष्णकांत चंद्रा वने करी गृहमंत्री शर्मा से मुलाकात

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चाम्पा एवं शक्ति जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रबने छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की है, इस दौरान चंद्रा के साथ नगर पंचायत जैजैपुर के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन सहित जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने गृहमंत्री जी से जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर लंबी चर्चा करते हुए उन्हें कार्यकर्ताओं की ओर से एक ज्ञापन भी सोपा है, जिसमें उन्होंने जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ पूर्व में लंबित मामलों पर विस्तार पूर्वक गृहमंत्री जी को अवगत कराते हुए इसमें कार्रवाई करने की मांग की



है, तथा बताया कि उपरोक्त मांग को लेकर जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में भी काफी आक्रोश है तथा विगत दिनों क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने इस दिशा में जांजगीर चांपा पुलिस अधीक्षक को भी कार्रवाई के लिए ज्ञापन सोपा था, कृष्णकांत चंद्रा द्वारा लिखित शिकायत उप मुख्यमंत्री,गृह मंत्री विजय शर्मा को सौपा गया, गृह मंत्री से मिलने वालों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर, नगर पंचायत जैजैपुर के पूर्व अध्यक्ष सोनसाय जिला भाजपा शक्ति के पूर्व कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, विक्रम सिंह ठाकुर, लोकेश साहू, मोहन कुमारी साहू, हरनारायण यादव, चेतन महंत,विक्रम चंद्रा, आशीष तिवारी, भूषण चंद्रा, ऋषि बनाफर, चौलेश्वर चंद्राकर आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री सप्तदेव मंदिर में अन्नकूट, गोवर्धन पूजा एवं दीपावली मिलन समारोह पर माँ श्री राणी सती दादी का मंगलपाठ धूमधाम से सम्पन्न

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में प्रत्येक माह की अमावस्या पर माँ श्री राणी सती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जाता है। इसी तारतम्य में कार्तिक शुक्ल पक्ष की अमावस्या, दिनांक 21 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को मंदिर परिसर में माँ श्री राणी सती दादी का भव्य मंगलपाठ संपन्न हुआ। इस दिन मंदिर में अन्नकूट, गोवर्धन पूजा भी थी एवं दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया था। मंदिर में दोपहर 2.00 बजे से 3.30 बजे तक दादी जी का संगीतमय मंगलपाठ बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंगलपाठी बहनें अपने पारंपरिक परिधान नथ, चूड़ा, चुनरी आदि धारण कर मंदिर में उपस्थित थीं। सभी बहनों ने एक लय, एक



राग और अनुशासन के साथ अत्यंत मनमोहक संगीतमय मंगलपाठ प्रस्तुत किया। इसके पश्चात आरती संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरिता किया गया, तत्पश्चात मंगलपाठी बहनों ने गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं दीपावली उत्सव की एक-दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी श्री अशोक मोदी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी मंगलपाठी बहनों के प्रति आभार व्यक्तक्त किया तथा मंदिर में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स में हुई नई नियुक्तियां, चेंबर सदस्यों को बनाया गया प्रदेश पदाधिकारी




**सक्ती।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोररानी ने अपने प्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए चेंबर के सक्रिय सदस्यों को प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी है, जिसमें प्रमुख रूप से रायपुर के राजेश केडिया एवं पंकज अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, तो वहीं रायपुर के ही नारायण अग्रवाल को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड सक्तीइंडस्ट्रीज प्रदेश संगठन में रायपुर के तीनों प्रमुख सदस्यों को जिम्मेदारी मिलने पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

तो वहीं नई जिम्मेदारी मिलने वाले तीनों पदाधिकारियो ने कहा है कि चेंबर के प्रदेश संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे पूरी सक्रियता के साथ अपनी दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा चेंबर के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कार्य करेंगे।

# गोवर्धन पूजा को लेकर परम पूज्य आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी की धर्म परायण जनता से आग्रह

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य के रूप में प्रसिद्ध मथुरा निवासी परम पूज्य आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने गोवर्धन पूजा को लेकर चली आ रही कुछ रीति- रिवाजो को लेकर अपनी भावनाएं धर्म परायण जनता के सामने व्यक्त की है, आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी ने समस्त देशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ की धर्म-परायण जनता द्वारा दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा करने के बाद गाय के बाछा से गोवर्धन को खुदबाने की रस्म बहुत ही गलत है,मैं इस ओर धर्म-परायण जनता से आग्रह करता हूँ कि जिन श्रीकृष्ण जी को हम गोवर्धन के रूप मे पूजन करते हैं,उन्हीं गोपालक, गोरक्षक गोविन्द को एक बाछा (बछडा) से खुदवाते हैं, इस तरह का कृत्य आपके पुण्य को छीनकर पाप का फल प्रदान करता है, आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी ने कहा है कि जिन भगवान श्रीकृष्ण ने सदैव गौ रक्षा का संदेश दिया, और संरक्षण प्रदान किया है,भागवत पुराण के दशम स्कंध का 19 वां श्लोक-



यशोदारोहणीभ्यां ताः समं बालस्य सर्वतः।
रक्षां विदधिरे सम्यग्गोपुच्छ भ्रमणादिभिः ॥

इसी से उन्हें हम गोपाल कहकर पुकारते हैं।अतः इस पापमय आचरण का परित्याग कर गोविन्द भगवान की कृपा आशीर्वाद को प्राप्त करें।इस वर्ष यह प्रतिज्ञा करें कि गोवर्धन पूजा के बाद गोवर्धन को बछा से नही खुदवायेंगे, बोलिये गोवर्धन नाथ भगवान की जय, आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी ने समस्त देशवासियों को, धर्म परायण जनता को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि यह दीपावली का पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि लाए तथा आप सभी इसी तरह से सदैव धर्म की रक्षा के लिए तत्परता एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते रहे।

# एमसीबी जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व








**मनेन्द्रगढ़।** इस विशिष्ट अवसर पर सबसे पहले विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया गया।प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा माता लक्ष्मी एवम् बुद्धि के दाता भगवान श्री गणेश के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात् कक्षा दूसरी के विद्यार्थी जिज्ञांश आर्या द्वारा इस विशेष दिन के महत्त्व को बताने हेतु एक भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं द्वारा सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी गई, इस आनंदमय प्रस्तुति के पश्चात कक्षा दूसरी के छात्र - छात्राओं द्वारा माता शबरी एवम् भगवान श्रीराम हेतु उनके प्रेम पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया इस भावनात्मक प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया इस शानदार नृत्य प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र- छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व की महत्व को बताने हेतु एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई, इस नाटक के द्वारा विद्यालय के वरिष्ठ छात्र - छात्राओं ने सत्य की जीत तथा भगवान श्री राम के आदर्शो तथा मूल्यों को विद्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व केवल दीप जलाने का उत्सव नहीं, बल्कि यह अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर और बुराई से अच्छाई की ओर बढ़ने का प्रेरक संदेश देता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि जैसे दीपक स्वयं जलकर दूसरों का मार्ग प्रकाशित करता है, वैसे ही हमें भी अपने जीवन में परोपकार, सत्य और सदाचार के दीप प्रज्वलित करने चाहिए। इसी क्रम में विद्यालय की प्री- प्राइमरी कक्षाओं हेतु पॉटलक पार्टी का भी आयोजन किया गया था, इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में साझेदारी, सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों से स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर लाए और उन्हें एक-दूसरे के साथ साझा किया। विद्यालय का प्रांगण बच्चों की हंसी, स्वाद और उत्साह से गूँज उठा। प्रत्येक कक्षा में बच्चों ने अपने साथियों के साथ मिलकर परोसे गए व्यंजनों का आनंद लिया। प्राचार्य डॉ तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को साझा करने, कृतज्ञता और सामूहिकता की भावना सिखाते हैं। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों को स्वस्थ और स्वादिष्ट भोजन ले जाने हेतु प्रेरित किया। अगले क्रम में विद्यालय के चारों सदनों के मध्य रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। सुंदर रंगों से बनी हुई विभिन्न कलाकृतियों ने पूरे विद्यालय भवन में चार चांद लगा दिए। इस विशिष्ट आयोजन पर विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समाज की आवश्यकता है- पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छता और आपसी सद्भाव। इस दिवाली मैं आप सबसे अपेक्षा करती हूँ कि हम घरों में मिट्टी के दीप जलाएँ,पटाखे जलाने से परहेज करें,और जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियाँ बाँटे। हमेशा याद रखें कि सच्चा आनंद दूसरों की मदद करने, मिल-जुलकर त्यौहार मनाने और अपने कर्तव्यों का पालन करने में है। अपने विचारों और व्यवहार से समाज को रोशन करें–यही दीपावली का सच्चा संदेश है।आइए, संकल्प लें कि इस पर्व को हम स्वच्छ, सुरक्षित और शांति से मनाएँगे–देश-समाज का नाम रोशन करेंगे और हर हृदय में खुशियों के दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। राष्ट्रगान तथा शुभकामनाओं के साथ इस विशेष कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कार्यक्रम की अगली कड़ी में उपस्थित सभी ने गरबा नृत्य किया! सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खूब आतिशबाजी की!**

# एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय में दीपोत्सव का पर्व दीपावली अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनेन्द्रगढ़ जिले की मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्षा श्वेता पोद्दार मारवाड़ी महिला समिति की अन्य पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रीति पोद्दार संगीता शर्मा डिम्पल बंसल उपस्थित रहे द्य मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ बुद्धि दाता भगवान श्री गणेश एवं धन धान्य की माँ लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्जवलित कर विधिविधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं दूसरी के लिए दिया डेकोरेशन, कक्षा तीसरी से पाँचवी के लिए तोरण बनाना कक्षा छठवीं से आठवीं के लिए फायरलेस कुकिंग कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए रंगोली





और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया! सभी विद्यार्थियों ने उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया! अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनओं का लुत्फ उठाया! आकर्षक रंगोली एवं मेहंदी ने सभी का मनमोह लिया! नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा सजाए गए दिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहे। अतिथियों ने सभी बच्चों के प्रतिभा की सराहना की तथा दीपावली की शुभकामनायें दी द्य सभी बच्चे एवं शिक्षक परंपरागत भारतीय परिधान में सुसज्जित होकर आए थे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में उपस्थित सभी ने गरबा नृत्य किया! सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खूब आतिशबाजी की! अंत में सभी लोगों को डायरेक्टर्स एवं प्राचार्य द्वारा मिष्ठान वितरण कर दीपावली की शुभकामनायें दी गई तथा दीपावली की रात सुरक्षित रहकर पटाखे जलाने की सलाह दी गई!

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में हुआ आनलाइन वेबीनार का आयोजन




**शिवरीनारायण।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में 16/8/2025 को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं भौतिक विभाग के द्वारा IFAS इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज पुणे के फैकल्टी कविता ठक्कर द्वारा आनलाइन रिसोर्स परसन के रूप में महाविद्यालय के बीएससी संकाय के छात्रों के लिए स्नातक तथा स्नातकोत्तर के बाद क्या करना चाहिए इसके संबंध में कैरियर मार्गदर्शन दिया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान एवं गणित संकाय के समस्त छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में भाग लिए और कार्यक्रम में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को ई सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया कविता ठक्कर मैडम के कैरियर मार्गदर्शन संबंधी वक्तव्य को छात्र छात्राओ द्वारा बड़ी सहजता के साथ सुना! इस कार्यक्रम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने करियर का निर्धारण करने में अवश्य ही सहायता मिलेगी इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी सी भारद्वाज आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर संजीव सिंह एवं भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेन्द्र लहरे ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया!

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में हनुमंत वाटिका का किया भव्य लोकार्पण

## ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार, हनुमान चालीसा पाठ, आरती और आतिशबाज़ी से गूंज उठा पूरा कवर्धा





**कवर्धा ।** सौंदर्य और संस्कृति के संगम का अद्भुत दृश्य कवर्धा में देखने को मिला, जब नगर के हृदय स्थल पर निर्मित हनुमंत वाटिका का भव्य लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मणों के पवित्र वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ और भव्य भक्ति माहौल में भगवान हनुमान जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया।

**पारंपरिक परिधान में पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा-** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पारंपरिक केसरिया परिधान में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उपस्थित अतिथियों ने फीता काटकर वाटिका का लोकार्पण किया और श्रद्धापूर्वक हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान हनुमान चालीसा में उपस्थित सभी जन समूह गहन भक्ति भाव में लीन हो गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा की हनुमंत वाटिका केवल एक पार्क नहीं, बल्कि यह कवर्धा की आस्था, संस्कृति और स्वच्छता का प्रतीक है। जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां आज श्रद्धा और सौंदर्य का संगम नजर आ रहा है। यह नगर के विकास और जनभावना दोनों का प्रतीक स्थल बनेगा।

**राजीव लोचन दास महाराज के आशीर्वचन और हनुमान चालीसा पाठ से गूंजा वातावरण-** कार्यक्रम में राजीव लोचन महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जहां हनुमान जी की भक्ति होती है, वहां से सदैव शक्ति, शांति और सेवा का संदेश प्रवाहित होता है। उनके सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु एक स्वर में जय हनुमान ज्ञान गुन सागर का पाठ करते हुए भक्ति में लीन हो गए। आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत इस आयोजन में पूरा परिसर जय बजरंग बली के जयघोष से गूंज उठा।

**महाआरती और आतिशबाज़ी से गूंजा उठा शनिवार की शाम-** लोकार्पण के बाद हनुमान जी की भव्य आरती संपन्न हुई। दीपों की लौ, शंखध्वनि और घंटियों की गूंज ने वातावरण को और भी भव्य और दिव्य बना दिया। जयघोष के साथ आसमान पर रंग-बिरंगी आतिशबाज़ी ने आसमान को रोशन कर दिया, जिससे पूरा कवर्धा नगर उत्सवमय हो उठा।

**हनुमंत वाटिका, आस्था और सौंदर्य का संगम-** जहां पहले अव्यवस्था और झोपड़ी नुमा दुकानें थीं, वहां अब नगर पालिका परिषद कवर्धा ने विकसित किया है हनुमंत वाटिका, जिसमें हरियाली, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, बच्चों के झूले, फिसलपट्टी और विशाल हनुमान प्रतिमा जैसे आकर्षण हैं यह स्थल अब न केवल नगर के लोगों के लिए मनोरंजन व श्रद्धा का केंद्र बनेगा, बल्कि पूरे जिले के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक गौरव स्थल साबित होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि हनुमंत वाटिका कवर्धा की सुंदरता और आध्यात्मिकता दोनों को एक नई पहचान दे रही है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

**कवर्धा का नया गौरव-** सौंदर्य और संस्कृति के संगम का प्रतीक हनुमंत वाटिका अब कवर्धा नगर का नया आकर्षण और गौरव बन चुकी है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु और नागरिक हनुमान भक्ति के साथ साथ स्वच्छ, सुंदर वातावरण का आनंद ले सकेंगे। हनुमंत वाटिका निर्माण करने वाले का किया सम्मान- हनुमंत वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजीव लोचन दास महराज ने धनेश चंद्रवंशी द्वारा परसवारा की मूर्ति का निर्माण किया गया। इस सुंदर चित्रकारी का श्रेय योगेश साहू को जाता है, जिन्होंने मूर्ति और आसपास की सजावट को जीवंत रंगों से सजाया। गार्डन के निर्माण और संपूर्ण कार्य को बलविंदर खुराना ने अपनी निगरानी में पूर्ण कराया।

# स्व.दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**रानीतराई।** स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में 13 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रभारी अंबिका ठाकुर बर्मन के द्वारा संचालित किया गया। प्राचार्य डॉ.अरूण कुमार मिश्रा ने कहा-भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एक ऐसी परीक्षा है जो छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा छात्र-छात्राओं को नैतिकता, व्यवहारिकता और अनुशासित रहना सिखाता है। यह परीक्षा देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित की जाती है, और इसमें छात्रों को भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास और परंपराओं के बारे में जानकारी दी जाती है। अंबिका ठाकुर बर्मन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले सितंबर और अक्टूबर माह में विभिन्न सहायक प्राध्यापक विभिन्न शीर्षक को छात्र-छात्राओं को व्याख्यान एवं कक्षाएं के माध्यम से समझाया गया। कक्षाएं के माध्यम से विषय से संबंधित प्रश्न परीक्षा में पूछे गए। जिससे छात्र-छात्राओं द्वारा कम समय में अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय ज्ञान परीक्षा मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारत की गौरवशाली विरासत से जोड़ना और उन्हें नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से अवगत कराना है। यह परीक्षा देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा बहु वैकल्पिक एवं लघुउत्तरीय था। इस परीक्षा में निर्धारित अंक 100 था ।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 11:00 से 1:00 किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 में महाविद्यालय से बी ए प्रथम सेमेस्टर से लीना भारती, निधि, तुलेश्वरी यादव, शालिनी, रुचि पांडे, सावित्री, चंचल, अनीता साहू, बीएससी प्रथम सेमेस्टर से युक्ति साहू, रेशमा, ओनिका, प्रतिभा साहू, दामिनी साहू, हेमलता यादव, होमेश्वरी साहू, नीलम, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से डामेश्वरी, बीएससी तृतीय सेमेस्टर से श्रेया देवांगन, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से रोहिणी, मोनिका पाल, शेष कुमारी आदि सम्मिलित हुए।

# हवाई फायरिंग के बीच ठुमके? पिंडरा में युवकों का एयरगन डांस वीडियो वायरल, कानून-व्यवस्था पर सवाल



**बलरामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिंडरा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक चली समियाना में गोली के गाने में एयर गन लेकर डांस करते नजर आ रहे हैं। हालांकि यह वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसके वायरल होते ही लोग इसे लेकर कड़ी नाराजगी जाता रहे हैं और लोग कह भी रहे हैं कि अगर कहीं गोली लग जाए तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। जिस तरीके से वीडियो में गोली फायर हो रही है उसको देखकर लोग दहशत में है और वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि तीन से चार युवक एयर गन हाथ में लिए हुए डांस कर रहे हैं। वहीं एक युवक तो भीड़ के बीच हवाई फायरिंग करते भी नजर आ रहा है। इस तरह की हरकतों को लेकर लोग सोशल मीडिया पर युवकों की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। इस प्रकार के कृत्य असामाजिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं और इससे कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं।

# धनतेरस व छोटी दीपावली पर बच्चों और बुजुर्गों के बीच खुशियाँ बाँटीं

## ऑपरेशन उपहार के तहत एसपी विजय कुमार पाण्डेय की अनुकरणीय पहल



**जांजगीर ।** इस त्यौहार के अवसर पर बच्चों और बड़े बुजुर्गो से भेंटकर उनको मिठाई के साथ साथ फटाखा भी वितरण किया गया। ऑपरेशन उपहार'' के अंतर्गत जांजगीर के एक बच्चे को स्कने उसकी रुचि को ध्यान में रखते हुए गिटार भेंट किया गया, जिससे उसका चेहरा खिल उठा। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन उपहार'' अभियान के तहत एक प्रेरणादायक पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में धनतेरस और छोटी दीपावली जैसे पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शांति एवं सौहार्द्र के संदेश के साथ समाज के बच्चों और बुजुर्गो के बीच खुशियाँ बाँटने का कार्य किया। इस दौरान एसपी विजय कुमार पाण्डेय स्वयं शारदा चौक जांजगीर स्थित बालगृह पहुंचे, जहाँ बच्चों को मिठाई और फटाखे भेंट कर उन्हें त्यौहार की शुभकामनाएँ दीं। बच्चे पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आए। ''ऑपरेशन उपहार'' के अंतर्गत एक बच्चे को पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी रुचि को ध्यान में रखते हुए गिटार भेंट किया गया, जिससे उसका चेहरा खिल उठा। इसके बाद एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने जांजगीर शहर के वार्ड क्रमांक 02 जुनापारा, भांठापारा जांजगीर के बड़े-बुजुर्गों तथा खोखरा वृद्धा आश्रम में पहुँचकर वहाँ रह रहे बड़े-बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने सभी बुजुर्गों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए मिठाई और फटाखे वितरित किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ''समाज में प्रेम, अपनापन और आपसी सहयोग ही सच्ची खुशियों का आधार है।'' इस पहल से न केवल वृद्धाश्रमों के बुजुर्ग भावुक हुए, बल्कि बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान झलक उठी। ''ऑपरेशन उपहार'' अभियान के माध्यम से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने यह संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था का पालन कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ संवेदना और मानवता से जुड़ी हुई शक्ति है।

# विप्लव दीपोत्सव 2025 : जरूरतमंद बच्चों के बीच बाँटी खुशियाँ



**जांजगीर-चांपा।** विगत बाईस वर्षों से सेवाभाव और संवेदना का दीप जलाने वाली विप्लव शिक्षण एवं कल्याण समिति (पंजीयन क्रमांक 14172) ने इस वर्ष भी दीपावली का उजास जरूरतमंद बच्चों के बीच बाँटते हुए समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाया। हसदेव नदी किनारे स्थित ग्राम मोहतरा (आश्रित ग्राम देवरी पंचायत, विकासखंड नवागढ़) के सामुदायिक भवन में विप्लव दीपोत्सव 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग दो सौ बच्चों के साथ दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद बच्चों को पटाखे, दीये, मिठाई, अध्ययन सामग्री, खेल सामग्री और उपहार वितरित किए गए। संस्थापक सदस्य डॉ. अश्वनी राठौर, विकास मिश्रा और शिक्षक दीपक कुमार यादव ने संस्था की स्थापना और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि विप्लव का यह दीप समाज के हर कोने तक सेवा का संदेश लेकर पहुँच रहा है। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित टीआई अशोक वैष्णव, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला और जनपद सदस्य अखिलेश भीष्म ने संस्था के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मकता और एकता का भाव जगाते हैं। कार्यक्रम में ग्राम की सेवाभावी संस्था पहल यूथ क्लब का सम्मान किया गया। ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों राजाराम पटेल, शीतलेश शुक्ला, बाबूलाल पटेल, द्वारस राम यादव, फागूराम, बट्टूलाल, दल्लाराम, विश्राम, छोटेलाल, जनीराम, अनिल, फिरतूराम, सियाराम, विश्वनाथ, शिवचंद, कमलेश, केरा के शंकर दास वैष्णव, सुखाऊ राम धीवर, नेमबाई पटेल और जैत मति पटेल का शाल, श्रीफल और मिठाई से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरीश गोपाल ने किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य डॉ. लोकेंद्र कश्यप, बिट्टू शर्मा, मदन तिवारी, डॉ. प्रतीक यादव, निखिल गोपाल, अमन सिंह, आशीष यादव, पलाश चंदेल, अभिषेक तिवारी, मयंक मिश्रा, अमोल अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, आर्यन सिंह, स्वप्निल तिवारी, अभय सिंह, विपुल उपाध्याय, अक्षत सिंह, आदर्श सिंह, हर्षित पांडेय, अनीश शर्मा, उदय पांडेय, संस्कार पांडेय, अंकित शर्मा, आकाश सिंह, प्रखर सिंह, चिरंजीव कश्यप, शिवम श्रीवास, अमित यादव और राहुल यादव उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। सन 2003 की दीपावली पर शिक्षक दीपक कुमार यादव की सोच से प्रारंभ हुआ यह सामाजिक अभियान उस समय के छात्र रहे डॉ. अश्वनी राठौर और विकास मिश्रा ने मिलकर शुरू किया था। अपनी जेब खर्च से प्रारंभ की गई यह सेवा अब जिले में सामाजिक चेतना की मिसाल बन चुकी है। अब तक यह आयोजन सिवनी, पाली, कन्हाईबंद, खोखरा, खोखसा, खैरा, हरदी महामाया, पोंच, पेन्डरी, किरीत, महंत, हरदी हरि, जगमहन्त, करमंदी, डोंगरी और पीथमपुर जैसे ग्रामों में संपन्न हो चुका है। संस्था से समाज के हर वर्ग के लोग जुड़े हुए हैं – डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, उद्योगपति, युवा, छात्र, व्यवसायी, इंजीनियर, नौकरीपेशा वर्ग और शिक्षक–जो तन-मन-धन से सहयोग कर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। संस्था दीपावली के अलावा वर्षभर विभिन्न सेवाभावी कार्यों में भी सक्रिय रहती है, जिनमें जिले की प्रथम रक्तदाता डायरेक्ट्री जीवन सुधा का प्रकाशन, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, बी.डी. महंत गार्डन में सात वर्षों से नेकी का कोना का संचालन, वसुंधरा गार्डन में वाटर कूलर की व्यवस्था, शासकीय विद्यालयों में भोजन पात्र, पंखा, वाटर फिल्टर और चरण पादुका का वितरण, अंधमूक-बधिर विद्यालयों और वृद्धाश्रमों में वस्त्र व अध्ययन सामग्री वितरण, पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, ध्वज संहिता जागरूकता अभियान, कोविड काल में भोजन, मास्क, सैनिटाइजर, किट वितरण व टीकाकरण में सहयोग तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक मदद शामिल है। लगातार बाईस वर्षों से सेवा और समर्पण का दीप जलाते हुए ÷विप्लव÷ संस्था यह संदेश दे रही है कि सच्ची दीपावली वही है, जो किसी और के जीवन में उजाला भर दे।

# 70 परिवारों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान



**दल्लीराजहरा।** डौंडी विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम जुनवानी में इस वर्ष दीपावली की खुशियाँ दोगुनी हो गई हैं। इसका कारण है, यहां के लगभग ''70 परिवारों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान'', जो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संभव हो पाया है। ग्रामीणों को अब अपने ही गांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें अब दूर ग्राम भर्रीटोला नहीं जाना पड़ता। पहले ग्रामीणों को राशन लेने के लिए लगभग 05 किलोमीटर दूर ग्राम भर्रीटोला जाना पड़ता था, जहां कच्ची सड़कों के कारण विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन अब गांव में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान शुरू होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। ग्राम जुनवानी के निवासी हरिश्चन्द्र नायक ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है कि वर्षों से चली आ रही हमारी समस्या का समाधान इस बार दीपावली से पहले ही हो गया है। इस बार दीपावली में हम ग्रामीणों की खुशियां दोगुनी हो गई है, अब हमें राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। इसी तरह ग्रामीण सालिक राम कोलियारा ने कहा कि पहले राशन लाने के लिए कच्चे रास्ते पर चलना पड़ता था। रास्ता खराब होने से राशन का सामान लाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब गांव में ही दुकान खुलने से महिला-पुरुष सभी को बड़ी राहत मिली है। ग्राम की बुजुर्ग महिला तीज बाई ने बताया कि पहले उन्हें हर बार किसी को साथ लेकर भर्रीटोला जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही राशन मिलने से वे ''स्वयं ही राशन लेने जाती हैं'', जिससे सुविधा और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ी है। इसी तरह अनिता कोलियारा ने कहा कि पहले जब राशन लेने दूसरे गांव जाते थे, तो एक दिन पूरा निकल जाता था और थकान भी बहुत होती थी, अब गांव में दुकान होने से समय की बचत और सुविधा दोनों मिल रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संजय बैस ने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में गांव में राशन दुकान खोलने की मांग की थी, जिस पर शासन-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम जुनवानी में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन शुरू कराया है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व और त्वरित निर्णय क्षमता का परिणाम है कि ग्रामीणों को दीपावली से पहले यह बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों ने नवीन दुकान की शुरुआत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन के इस कदम से न केवल हम ग्रामीणों का समय और श्रम बचा है, बल्कि हमें शासन की योजनाओं का लाभ भी ''आसानी और सम्मानपूर्वक'' मिल रहा है। ग्राम जुनवानी के लोगों के लिए यह दीपावली ''उम्मीद, सुविधा और दोगुनी खुशी का पर्व'' बन गई है।

## इतिहास के स्वर्णिम पल का साक्षी बना कवर्धा

# बस्तर में नक्सल समर्पण की ऐतिहासिक गूंज, कवर्धा ने गृहमंत्री विजय शर्मा का किया भव्य स्वागत और अभिनंदन





**कवर्धा।** भारत वर्ष के इतिहास में छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब रिकॉर्ड स्तर पर सर्वाधिक 210 सशस्त्र नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर शांति की राह चुनी। बस्तर में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पश्चात में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा आगमन पर शहर में नागरिकों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। सिग्नल चौक पर आयोजित इस स्वागत समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके पश्चात विभिन्न संगठनों द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा गजमाला एवं शॉल पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, विजय पटेल, नितेश अग्रवाल, रामबिलास चंद्रवंशी, सतविंदर पहुजा, नवीन ठाकुर, शानू साहू, विकास पांडेय सहित नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस अद्वितीय सम्मान के लिए कवर्धा वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध यह बड़ी जीत केवल सरकार की नहीं, बल्कि शांति और विकास की राह चुनने वाले समूचे समाज की जीत है। उन्होंने छत्तीसगढ़ से नक्सल उन्मूलन के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में स्थायी शांति स्थापना एवं प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों में इस ऐतिहासिक उपलब्धि के प्रति अत्यंत उत्साह एवं गर्व की भावना देखने को मिली। कवर्धा के इतिहास में यह दिन अविस्मरणीय बन गया, जब विकास और विश्वास की इस नए अध्याय के सा समूचे शहर ने भारत माता का जयघोष करते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया।

# भ्रामक खबरों पर शिक्षा विभाग का स्पष्टीकरण

## डीईओ बोले किसी कर्मचारी का वेतन नहीं रोका गया




**बलरामपुर।** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों में ऐसी खबरें प्रसारित हो रही थीं कि जिले में शिक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है और अवकाश लेने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इन खबरों के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बन गई थी। इस पर अब जिला शिक्षा अधिकारी मनी राम यादव बलरामपुर ने स्पष्टीकरण जारी किया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित अवकाश प्रक्रिया का पालन न करने वाले कुछ संस्था प्रमुखों प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के प्रधानपाठक तथा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को केवल भविष्य के लिए सचेत करने हेतु पत्र जारी किया गया है,न कि किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई की गई है। डीईओ मनी राम यादव ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी कर्मचारी के वेतन आहरण पर रोक नहीं लगाई गई है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 17 अक्टूबर को ऑनलाइन बैठक के माध्यम से सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दीपावली पर्व से पूर्व सभी कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में जमा किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ माध्यमों में प्रकाशित खबरें भ्रामक और तथ्यहीन हैं। जनता एवं शिक्षाकर्मियों से अपील की गई है कि केवल विभागीय स्तर से जारी आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सामने आई लापरवाही

सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जाती हैं, मगर इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंच पाता है या नहीं, इस पर शायद ही कोई ध्यान दिया जाता है। इससे न केवल सरकारी धन का बेजा इस्तेमाल होता है, बल्कि वे लोग भी लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें केंद्र में रखकर योजना तैयार की जाती है। यही वजह है कि सरकार की कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और निगरानी तंत्र का अभाव इसकी बड़ी वजह है।किसानों की आर्थिक मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी यही हाल है। इसके तहत किसान परिवार का एक सदस्य ही लाभ ले सकता है। मगर केंद्रीय कृषि मंत्रालय की सत्यापन जांच में पाया गया कि बड़ी संख्या में पति और पत्नी दोनों ही इस योजना के लाभार्थी बने हुए हैं। सवाल है कि इस तरह की योजनाओं में आर्थिक सहायता से पहले पात्रता की जांच करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती? प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इसमें हर वर्ष तीन किस्तों में किसान परिवार के एक सदस्य को दो-दो हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान है। इस रकम को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सीधे बैंक खाते में जमा किया जाता है। अगर यह नियम है, तो यह कैसे संभव हुआ कि एक ही घर से दो लोगों को राशि हस्तांतरित की जाती रही। जिन अधिकारियों के माध्यम से राशि जारी की जा रही थी, न तो उन्होंने और न ही संबंधित बैंक प्रबंधन ने कभी इस पर गौर करने की जरूरत महसूस की। इस योजना के अंतर्गत उन्नीस लाख से अधिक किसानों के सत्यापन से पता चला है कि इनमें 17.87 लाख पति-पत्नी ही लाभार्थी थे। इस हिसाब से करीब चौरानवे फीसद दंपति इस योजना का लाभ ले रहे थे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी अहम योजना के क्रियान्वयन में इस तरह की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में शासन-प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की योजनाओं की नियमित निगरानी हो, ताकि पात्र लोगों को इनका लाभ मिल सके।

**कुछ लोगों को यह बात 'छोटी-सी' लग सकती है, लेकिन इसमें बड़े संकेत छुपे हुए हैं। जो हुआ, उस पर अगर मीडिया जगत और विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त न की होती तो शायद इस घटना को भी तालिबान से मजबूरन की जा रही दोस्ती के कालीन के नीचे सरका दिया जाता।**

# उठते सवाल- महिला पत्रकार, तालिबानी सोच और दोस्ती की मजबूरियां!

(अजय बोकिल)

बेशक, दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान की भू राजनीतिक परिस्थिति, उससे हमारे ऐतिहासिक रिश्तों, बदलते वैश्विक समीकरण चलते और भारत के व्यापक अंतरराष्टीय हितों के मद्देनजर तालिबान से दोस्ती सही मानी जा सकती है, लेकिन यह दोस्ती उन तालिबानी मूल्यों से कतई नहीं हो सकती, जो मध्ययुगीन और महिलाओं के प्रति दुराग्रह और प्रतिगामी सोच से भरे हैं। जबकि हमारे भारतीय मूल्य लिंग, धर्म अथवा जाति भेद से परे समानता, समता और सभी को न्याय की संवैधानिक गारंटी पर आधारित हैं।

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने अपने देश के दिल्ली स्थित दूतावास में जो पहली पत्रकार वार्ता की, उसमें भारतीय महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया। इस पर बवाल मचना ही था, क्योंकि इसे काबुल सरकार की वर्तमान सोच की संदर्भ में इस घटना को देखा गया।

महिला पत्रकारों और और 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने अफगान दूतावास द्वारा इस लैंगिक भेदभाव की कड़ी आलोचना की। इसके बाद भारत सरकार ने मामले से यह कहकर पल्ला झाड़ा कि उसका इसमें कोई रोल नहीं है। अफगान दूतावास के अंदर क्या होता है, वह वही जानें। जबकि अफगान दूतावास (जो कल तक खुद तालिबान सरकार के खिलाफ था) ने सफाई दी कि भारतीय महिला पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस से अलग रखने का उसका कोई सुचिंतित इरादा नहीं था। यह पत्रकारवार्ता जल्दबाजी में कुछ पत्रकारों को बुलाकर आयोजित की गई थी।

**प्रतिक्रिया का दिखा असर:** भारत में व्यापक प्रतिक्रिया के बाद रविवार को अफगान दूतावास में दूसरी पत्रकारवार्ता में न केवल महिला पत्रकारों को बुलाया गया, बल्कि उन्हें आगे बिठाया गया। यह संदेश देने की कोशिश थी कि महिला पत्रकारों के मुद्दे पर न तो अफगानिस्तान भारत से और न भारत अफगानिस्तान से रिश्ते बिगाड़ना चाहता है। लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि महिलाओं को लेकर तालिबानी सोच में रत्तीभर भी फर्क आया हो।

वैसे यह सवाल राजनीतिक, कूटनीतिक और मीडिया जगत में भी तैर रहा है कि मोदी सरकार कट्टरपंथी तालिबान को इस तरह गले क्यों लगा रही है क्या यह स्वागत-सत्कार केवल संकट कालीन मजबूरी है, भू-राजनीतिक हालात का अपने ढंग लाभ उठाने की कोशिश है, पाक को कांटे से कांटा निकालने की शैली में सबक सिखाने की चाल है या फिर विवशताजनित दोस्ती है

यह सही है कि अमेरिका द्वारा चार साल पहले अफगानिस्तान (और उन तमाम आधुनिक सोच वाले अफगानियों को उनकी किस्मत के भरोसे



छोड़कर) से जाने के बाद भारत सरकार ने तालिबानी शासन को मध्ययुगीन बर्बर सोच वाला करार देकर उससे दूरी बना ली थी। लेकिन यह भी कड़वा सच है कि तालिबान चार साल से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने वहां कट्टर इस्लामिक शरिया कानून लागू कर रखे हैं, जिससे बहुत से अफगान भी सहमत नहीं है। लेकिन बेबस हैं।

उधर अफगानिस्तान अभी भी मानता है कि भारत के साथ उसके ऐतिहासिक रिश्ते हैं लेकिन इस्लामिक देश होते हुए भी पाकिस्तान पर अफगानों का कभी भरोसा नहीं रहा। उनकी तुलना में भारत ज्यादा विश्वसनीय है। हालांकि भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को अभी मान्यता नहीं दी है, लेकिन धीरे-धीरे उसी दिशा में बढ़ रहा है।

कारण साफ है कि भारत अफगानिस्तान में चीन, पाकिस्तान और रूस के लिए मैदान खुला नहीं छोड़ना चाहता। जो सही भी है, लेकिन तालिबान से दोस्ती हो, लेकिन तालिबानों मूल्यों से न हो।

अफगान दूतावास की घटना तो केवल खतरे की घंटी भर है। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा में विदेश मंत्री मुत्तकी ने भारत के सहयोग पर जोर दिया। यह सलाह भी दी कि भारत, पाक के साथ वाघा बॉर्डर को खोले ताकि अफगानिस्तान से माल आसानी से भारत भेजा जा सके।

यहां तक तो ठीक, लेकिन मुत्तकी दिल्ली के अलावा और कहीं गए तो वह था- दारूल उलूम देवबंद। यह इस्लामी के सुन्नी इस्लामी शिक्षा का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा केन्द्र हैं, जहां करीब 4 हजार छात्र धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। जिनमें कुछ विदेशी छात्र भी हैं।

दारूल उलूम 1 से 5 वर्ष तक के अलग अलग पाठ्यक्रम संचालित करता है, कुरान, हदीस, नबूवत, अरबी, उर्दू भाषा के अलावा साहित्य और विज्ञान भी शामिल है। शिक्षा का माध्यम उर्दू है, मुख्य जोर दीनी तालीम पर ही है।

इस संस्था की स्थापना भारत में मुगल सत्ता के पूर्ण अवसान के बाद हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम नानोतवी और हाजी मोहम्मद ने की थी। उसका उद्देश्य भारत में गौरवपूर्ण मुस्लिम शासन की परंपरा को सहेजे रखना और इस्लामिक विचार और जीवनशैली का संवर्द्धन करना था।

संस्था का संचालन मजलिसे शूरा करती है और इसके प्रमुख मोहतमिम कहलाते हैं। वर्तमान में इसके प्रधानाचार्य मौलाना अर्शद मदनी हैं। 84 वर्षीय मदनी रूढ़िवादी जमीयत उलेमा-ए-हिंद के भी अध्यक्ष हैं।

**मुत्ताकी ने देवबंद को ही क्यों चुना:** यूं भारत में इस्लामिक शिक्षा देने वाले और भी केन्द्र हैं। लेकिन विदेश मंत्री मुत्ताकी ने देवबंद का ही चयन क्यों किया मुस्लिम देशों से आने वाले राष्ट्राध्यक्ष अथवा राजनयिक अमूमन धार्मिक शिक्षा संस्थानों में नहीं जाते। वो ज्यादातर राजनेताओं से या सामाजिक संगठनों से मिलते हैं। लेकिन मुत्तकी का दौरा देवबंद जाने के कारण ज्यादा चर्चित हुआ।

हो सकता है, इस बहाने वो अपने देश में भी अपनी गहरी इस्लामिक आस्था और उसके सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश देना चाहते हों। दारूल उलूम इस्लामिक शिक्षा का केन्द्र भले हो, लेकिन महिलाओं को लेकर उनकी सोच भी तकरीबन वही है, जो मुत्तकी की है।

दारूल उलूम में केवल पुरूष विद्यार्थियों को प्रवेश मिलता है। महिलाओं को नहीं। इसको लेकर खुद मुस्लिम समाज में होने वाली आलोचना के चलते पिछले साल दारूल उलूम प्रबंधन ने महिलाओं को संस्थान में केवल भ्रमण की इजाजत दे दी है। लेकिन वह भी हिजाब और पर्दादारी के साथ। पढ़ने-पढ़ाने का तो सवाल ही नहीं है।

मुत्तकी को देखने और उन्हें छूने के लिए दारूल उलूम में छात्रों की जो भीड़ उमड़ी, उससे यह संदेश गया कि उनकी सोच भी तालिबान से मिलती है। यही चिंता का विषय है। मुत्तकी, संस्था प्रमुख मौलाना मदनी से मिले। बाद में मदनी ने इस मुलाकात के बारे में बयान दिया कि मुत्तकी ने भरोसा दिलाया है कि अफगानिस्तान आतंकियों को भारत के खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने देगा।

उधर भारत में कड़ी आलोचना के बाद अफगान विदेश मंत्री महिला पत्रकारों को लेकर अपनी सोच में थोड़ा समझौता किया, लेकिन खुद अफगानिस्तान में आज महिलाएं एक सदी पीछे चली गई हैं। वहां महिला पत्रकार खुलकर कह भी नहीं सकती कि वो पत्रकार हैं। अफगान नेशनल जर्नलिस्ट यूनियन का दवारा पूर्व में कराए गए एक सर्वे के अनुसार तालिबान शासन में 87 फीसदी महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव हो रहा है। 60 फीसदी महिलाओं ने अपनी नौकरियां गंवा दी हैं। इनमें से 91 फीसदी महिला पत्रकार ऐसी थीं, जो अपने परिवार में अकेली कमाने वाली थीं। तालिबान शासन द्वारा इतने भयंकर दमन के बावजूद बताया जाता है कि कुछ महिला पत्रकार अभी भी किसी तरह अपना काम कर रही हैं। 2021 में जब अफगानिस्तान में तालिबान सत्ता में आए, उस वक्त देश में 1400 महिला पत्रकार काम कर रही थीं। 2023 में इनकी संख्या 400 रह गई। हालांकि बताया जाता है कि 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 600 हो गई है। लेकिन काम करने की परिस्थितियां बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हैं। उन पर बहुत सारे प्रतिबंध हैं। अफगानिस्तान की एक जानी मानी पत्रकार और 'रूखशाना' की संपादक जहरा जोया के मुताबिक वे इसलिए काम रही हैं, क्योंकि पत्रकारिता उनके लिए मिशन हैं और वो अफगानिस्तान में महिलाओं की दुर्दशा को दुनिया के सामने ला रही हैं। जहरा आजकल लंदन में रहती हैं। पत्रकार तो दूर महिलाओं के अन्य क्षेत्रों में काम करने लेकर भी तालिबान की सोच नकारात्मक है। तीन साल पहले पाकिस्तान की तत्कालीन विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार जब बिना हिजाब के अफगानिस्तान के तालिबान शासको से काबुल जाकर मिलीं तो कट्टरपंथियों ने काफी हल्ला मचाया था। लेकिन हिना ने इसकी परवाह नहीं और अफगान शासको से वैसे ही हाथ मिलाया और बातचीत की। तालिबान की नजर में महिलाओं का काम सिर्फ बच्चे पैदा करना और दीनी इबादत करनें जिंदगी गुजारना है। यहां तक की सजने संवरने, गाने बजाने तक तो इस्लाम विरोधी करार दे दिया गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' सोच के ठीक विपरीत है। हालत यह है कि कुछ समय पहले तक जिस अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम टूर्नामेंटों में उतरती थी, वो आज ऑस्ट्रेलिया में शरण लिए हुए है और जिसे वनडे वर्ल्ड कप में विशेष रूप से दर्शक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन के अनुसार तालिबान के लिए महिलाएं इंसान ही नहीं हैं। वैश्विक हालात और दक्षिण एशिया के राजनीतिक गणित के चलते भारत सरकार तालिबानियों से रिश्ते रखे, लेकिन उन प्रतिगामी मूल्यों को कतई बर्दाश्त न करे, जो हमारे मूल्यो के खिलाफ हो। भारत में इसकी कोई जगह नहीं है।यह लेखक के निजी विचार हैं।

## धनतेरस पर इन चीजों की खरीदारी से बढ़ेगा 13 गुना धन, मिलेगा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद



(मनीष पाण्डेय)

धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार को मनाया जाएगा। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व है। धनतेरस पर कुछ खास चीजें खरीदना घर में सुख-शांति और धन वृद्धि के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

धनतेरस का त्योहार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इसे धन त्रयोदशी और धन्वन्तरि त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस से ही पांच दिन चलने वाले दिवाली के त्योहार की शुरुआत होती है। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है की इसी दिन समुद्र मंथन से देवी लक्ष्मी और अमृत कलश प्रकट हुआ था इसी वजह से इसे धनतेरस कहा जाता है।

पंचांग के अनुसार, इस साल धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा करने से सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। इस दिन कुछ खास चीजों को खरीदना बेहद ही शुभ माना जाता है। मान्यता है कि धनतेरस पर इन शुभ चीजों को खरीदने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और धन की वृद्धि होती है। आइए जानते हैं कि इस शुभ दिन पर किन-किन चीजों की खरीदारी करने से आपका धन 13 गुना बढ़ जाएगा।

**कुबेर यंत्र:** इस दिन कुबेर यंत्र को खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन घर, दुकान के गल्ले या तिजोरी में कुबेर यंत्र रखने से धन और समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस उपाय से धन की कमी दूर होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**नमक और धनिया:** धनतेरस के दिन नमक खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से दरिद्रता दूर होती है और घर में धन की वृद्धि होती है। नमक नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है। वहीं, धनिये को घर के आंगन या गमले में डालने से समृद्धि आती है।

**तांबा:** धनतेरस के दिन तांबे की वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। तांबे के बर्तन या पूजा से जुड़ी वस्तुएं घर लाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसी दिन कांसे से बने बर्तन या सजावटी वस्तुएं भी घर लाना शुभ रहता है।

**बर्तन:** धनतेरस का संबंध 'धन' और 'धातु' दोनों से है। इसीलिए तांबा, पीतल और चांदी के बर्तनों को खरीदना इस दिन बेहद ही शुभ माना जाता है। ज्योतिष में कहा गया है कि धातु खरीदने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है और खर्चों में कमी आती है।

**झाड़ू:** धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा बहुत पुरानी है। मान्यता है कि इस दिन नया झाड़ू लाने से दरिद्रता दूर होती है। झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। नई झाड़ू से घर की सफाई करने पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है। धनतेरस के दिन भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है।

नई मूर्ति घर लाने और उनकी विधिवत पूजा करने से घर में धन, अन्न और सुख की कभी कमी नहीं होती। माता लक्ष्मी समृद्धि और सौभाग्य की देवी हैं। इन दोनों की कृपा से जीवन में उन्नति और शांति बनी रहती है।

# इजरायल पर जिन्ना के कर्मों की सजा भुगत रहा पाकिस्तान, टीएलपी की आग में जला लाहौर

(डॉक्टर ब्रह्मदीप अलूने)

पाकिस्तान की सरकार तहरीक-ए-लब्बैक पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। टीएलपी वही कट्टरपंथी संगठन है जिसे पाकिस्तान की सेना ने पैदा किया और अब यह उसके लिए भस्मासुर बन गई है। टीएलपी इजरायल से रिश्ते का विरोध कर रही है।

मोहम्मद अली जिन्ना को धर्म के आधार पर भारत का विभाजन तो तर्कपूर्ण नजर आता था लेकिन उनके लिए फ़िलिस्तीन राष्ट से अलग होकर इजरायल का बनना अरब देशों के साथ अन्याय था। भारत की आज़ादी, विभाजन और इजरायल की स्थापना की घटनाओं में ज्यादा अंतर नहीं था। इजरायल दक्षिण पश्चिम एशिया का एक स्वतंत्र यहूदी राज्य है जो 14 मई 1948 को फ़िलिस्तीन से ब्रिटिश सत्ता के समाप्त होने पर बना। जिन्ना ने अमेरिका के तत्कालीन राष्टपति हैरी एस ट्रूमैन को बाकायदा पत्र लिखकर इसका विरोध किया और भविष्य में इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी भी दी। जिन्ना ने बार-बार कहा था कि पाकिस्तान कभी भी फ़िलिस्तीन में यहूदी राज्य की स्थापना से सहमत नहीं होगा। हम अरबों के स्वतंत्र फ़िलिस्तीन के संघर्ष का समर्थन करेंगे। उनका यह रुख पाकिस्तान की विदेश नीति का प्रारंभिक आधार बना।

अब जब शहबाज़ शरीफ अमेरिका के गहरे दबाव में हैं और हमास को रोकने के लिए उन्हें ट्रंप के साथ खड़ा होना पड़ रहा है तो यह बात पाकिस्तान के कट्टरपंथी ताकतों को नागवार गुजर रही है। तहरीक-ए-लब्बैक या टीएलपी नामक कट्टरपंथी संगठन पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मांग है कि पाकिस्तान किसी भी प्रकार से अमेरिका के साथ



खड़ा नहीं हो तथा वह हमास को मजबूत करें। पाकिस्तान के कई शहरों में तहरीक-ए-लब्बैक के कार्यकर्ता उत्पात मचा रहे हैं, पुलिस से झड़प हो रही है, कई लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान की मांग से लेकर स्थापना तक जिन्ना ने कई राजनीतिक और साम्प्रदायिक दांव खेले थे। जिन्ना की वह नीतियां अब पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए ही जानलेवा बन गई है और शहबाज़ शरीफ के लिए कट्टरपंथियों को रोक पाना मुश्किल हो गया है।

**जिन्ना ने भड़काई सांप्रदायिक हिंसा:** कट्टरपंथी जिन्ना की नीतियों का हवाला दे रहे हैं जबकि शहबाज शरीफ यदि इसे मानते हैं तो ट्रंप का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ सकता है। मतलब जिन्ना के फेर में उलझे पाकिस्तान की स्थिति कूएं और खाई की तरह हो गई है। द्विराष्ट से भारत और फिलिस्तीन दोनों अभिशिप्त रहे हैं लेकिन तत्कालीन दौर की घटनाओं में जिन्ना का दोहरा चरित्र भी सामने आता है। अप्रैल 1943 में नई दिल्ली में मुस्लिम लीग का सालाना अधिवेशन हुआ जिसमें मुस्लिम बहुल इलाकों को मिलाकर एक मानचित्र लगा था और उसके ऊपर लहराते हुए झंडे पर लिखा था कि भारत की आजादी पाकिस्तान में निहित है। यह भारत के खंडित होने की तरफ बड़ा इशारा था। इसके बाद भी जिन्ना को जब लगने लगा की पाकिस्तान बनना मुश्किल है तो उसने साम्प्रदायिक दंगों का खतरनाक दांव खेला, जिसमें पूरा देश झुलस गया। इस समय लोग पागलों की तरह एक दूसरे की जान ले रहे थे। वहीं जिन्ना का फिलिस्तीन को लेकर रुख बिल्कुल अलग था।

साल 1937 में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के लखनऊ अधिवेशन में जिन्ना ने स्पष्ट कहा, भारत के मुसलमान अपने अरब भाइयों के साथ खड़े रहेंगे, जो फ़िलिस्तीन में ब्रिटिश सरकार और यहूदियों द्वारा किए जा रहे अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। यह वह समय था जब ब्रिटिश नीति के अंतर्गत फ़िलिस्तीन में यहूदियों के बड़े पैमाने पर बसाए जाने की शुरुआत हो चुकी थी। जिन्ना ने इस नीति को साम्राज्यवादी स्वार्थ बताया और कहा कि यह इस्लामी विश्व की राजनीतिक अखंडता के लिए गंभीर खतरा है। साल 1938 में जिन्ना ने बम्बई में कहा, फ़िलिस्तीन के लोग केवल अपनी मातृभूमि के लिए नहीं बल्कि इस्लाम की पवित्र भूमि की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हर मुसलमान का कर्तव्य है कि वह उनकी हर संभव सहायता करे। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात, जब ब्रिटेन और अमेरिका फ़िलिस्तीन में यहूदी शरणार्थियों को बसाने की नीति पर काम कर रहे थे, जिन्ना ने इसे न्याय और मानवता का अपमान कहा। उन्होंने कहा,आप किसी की भूमि छीनकर वहां बाहरी लोगों को बलपूर्वक नहीं बसा सकते।

**इजरायल को अवैध मानता है पाकस्तान:** साल 1947 में पाकिस्तान की स्थापना से पहले ही जिन्ना ने घोषणा की कि पाकिस्तान कभी भी फ़िलिस्तीन में यहूदी राज्य की स्थापना से सहमत नहीं होगा। उनकी मौत के बाद पाकिस्तान ने इसी नीति को अपनी विदेश नीति का अंग बनाया और आज तक इज़राइल को मान्यता नहीं दी। लेकिन अब ट्रंप जिस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उससे इस्लामिक दुनिया को इजरायल को मान्यता देनी ही होगी। तहरीक-ए-लब्बैक को यह किसी भी कीमत में स्वीकार नहीं है। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान में केवल धार्मिक आंदोलन नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव समूह बन चुकी है। लब्बैक पाकिस्तान की अन्य इस्लामी पार्टियों की तरह, इज़रायल को एक अवैध देश मानती है। उसके प्रदर्शनों में लाखों लोग भाग लेते हैं, जिनमें हमास को सलाम जैसे नारे लगाए जाते हैं। गाज़ा पर इज़रायली हमलों के दौरान तहरीक-ए-लब्बैक ने लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में लगातार बड़े विरोध प्रदर्शन किए हैं।

**मुस्लिम उम्माह बनाना चाहते थे जिन्ना:** जिन्ना ने पाकिस्तान को उम्माह एकता की अवधारणा पर ढालने की कोशिश की थी। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान की विदेश नीति को ऐसा ही देखना चाहता है। उम्माह एकता का अर्थ है कि मुस्लिम जगत को राजनीतिक, धार्मिक और नैतिक रूप से एकजुट रहना चाहिए। यह विचार राष्टीय सीमाओं से ऊपर इस्लामी पहचान को रखता है। जिन्ना के लिए पाकिस्तान का अर्थ भारत की सभ्यता और संस्कृति का विरोध था। उनका पाकिस्तान भारत से दूर होकर मध्य पूर्व के इस्लामिक कट्टारपंथी देशों के करीब आने को बेताब था। जिन्ना की यह कोशिश पाकिस्तान पर अब भारी पड़ रही है। गाजा अब शांति की ओर लौट रहा है जबकि पाकिस्तानी में कट्टरपंथी चाहते हैं कि पाकिस्तान हमास के साथ मिलकर इजरायल से युद्ध करे। पाकस्तिान अब टीएलपी पर बैन लगाने की योजना बना रहा है। लेखक डॉक्टर ब्रह्मदीप अलूने अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं।

# नशीली इंजेक्शन की सप्लाई में चार आरोपी गिरफ्तार

# बसदेई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 300 नग इंजेक्शन जप्त



**सूरजपुर।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। डीआईजी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना-चौकी पुलिस द्वारा सूखा नशा और मादक पदार्थों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस को रविवार 19 अक्टूबर को बड़ी सफलता मिली, जब पुलिस ने नशीली इंजेक्शन की अवैध बिक्री और सप्लाई में लिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक विधि विरुद्ध संघर्षरत् बालक भी शामिल है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिरसी जूनापारा निवासी राही खान अपने घर के पास अवैध रूप से नशीली इंजेक्शन बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना पर चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और राही खान को पकड़ा। उसके कब्जे से 38 नग एविल इंजेक्शन और 10 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ग्राम जमड़ी निवासी पवन पाटिल, मोहर मनिया, एक अन्य व्यक्ति और एक अपचारी बालक से नशीले इंजेक्शन खरीदकर बिक्री करता है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम जमड़ी में दबिश दी, जहां से मोहर मनिया को पकड़ा गया। उसके पास से 118 नग एविल इंजेक्शन और 134 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन जब्त किए गए। वहीं पवन पाटिल और विधि विरुद्ध संघर्षरत् बालक को भी पुलिस ने पकड़ लिया। इस कार्रवाई में कुल 300 नग नशीली इंजेक्शन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख पचास हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिरसी निवासी राही खान, जमड़ी निवासी पवन पाटिल और मोहर मनिया शामिल हैं, जबकि विधि विरुद्ध बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक अलका टोप्पो, आरक्षक देवदत्त दुबे, निलेश जायसवाल, अशोक केंवट, अनिल विश्वकर्मा, अशोक सिंह, रामकुमार सिंह और महिला आरक्षक पूनम सिंह की अहम भूमिका रही।

## नकली चांदी के आभूषण बेचने की कोशिश, यूपी का युवक गिरफ्तार -बाराद्वार पुलिस की त्वरित कार्रवाई ..



**सक्ती।** थाना बाराद्वार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के एक युवक को धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने नकली चांदी के ब्रेसलेट और चैन को असली बताकर एक ज्वेलरी दुकान में बेचने की कोशिश की।मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी संजय शराफ पिता चंद्रभूषण शराफ (उम्र 34 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 10 बाराद्वार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 अक्टूबर 2025 की सुबह लगभग 10:30 बजे उत्तर प्रदेश के संभल जिले निवासी फिरोज खान (उम्र 28 वर्ष) अर्जुन ज्वेलर्स की दुकान में पहुंचा और नकली ब्रेसलेट एवं चैन को असली चांदी का बताकर बेचने का प्रयास किया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अपने कमर में एक चाकू भी रखे हुए था।इस पर थाना बाराद्वार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 258/25, धारा 318 (3), 62 बी.एन.एस. तथा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को नगर पंचायत बाराद्वार के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्यवाही में निरीक्षक नरेंद्र यादव, सउनि यशवंत राठौर, मप्रआर श्यामा जायसवाल, प्रआर मनीश राजपूत, श्रीकांत सेगर, आर. योगेश राठौर, आर. तकेश्वर कटकवार, आर. रामकुमार यादव, उमेश सिदार एवं रामनिवास उरांव का विशेष योगदान रहा।

## धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** थाना भटगांव क्षेत्र के ग्राम बुंदिया में धर्म परिवर्तन मामले में मकान मालिक सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ग्राम निवासी सुरेश कुमार पिता कुंवर साय ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 अक्टूबर की सुबह गांव का एक व्यक्ति उसके घर आया और बज्जू के घर बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो जीवन, शिवा टोप्पो और दिरन नामक व्यक्ति मौजूद थे। आरोपियों ने उससे कहा कि ÷हिन्दू धर्म के देवताओं को मानने से कोई लाभ नहीं, ईसाई धर्म अपनाने से बीमारी और गरीबी दूर हो जाती है। जो लोग ईसाई धर्म अपना चुके हैं, उन्हें सरकारी जमीन का पट्टा भी मिल गया है।÷ शिकायतकर्ता ने बताया कि ये लोग



अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर झूठे प्रलोभन से गांव के भोले-भाले लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे।इस पर पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 168/25 धारा 299, 354, 196, 197, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी बज्जू मिंज (45), शिवा टोप्पो (56), जीवन लकड़ा (30) और दिरन टोप्पो (30), सभी निवासी ग्राम बुंदिया को गिरफ्तार किया। ग्रामीणों के हंगामे के बीच बाहर से आए ईसाई पास्टर भागने में सफल रहा।

## जमात ए इस्लामी हिंद ने की पुनीत पहल 25 गरीब परिवार के बच्चों को बांटा उपहार

**कोरबा।** समाज सेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था जमात-ई-इस्लामी हिंद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फिर से एक बार पुनीत पहल करते हुए समाज के बेहद कमजोर और गरीब परिवारों को मदद पहुंचाई है जमात ए इस्लामी हिंद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब भी उनके द्वारा किसी जरूरतमंद की मदद की जाती है तो उन्हें जो सुकून मिलता है तो उससे ऐसा एहसास होता है मानो हम किसी पर उपकार नहीं कर रहे बल्कि खुदा हम पर रहमत बरसा रहा है और इसी खुदा की रहमत पाने के लिए संस्था के द्वारा समय-समय पर हमेशा से ही जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की हौसला अफ्जाई मिलती है। पैगंबर मुहम्मद साहब (सल्ल.) का कथन है कि - ÷अल्लाह ने फ़रमाया, 'ऐ आदम के बेटे! खर्च करो (गरीबों की मदद में), मैं तुम पर खर्च करूंगा।'÷ यह दान करने पर अल्लाह की रहमत का वादा है। इसी कथनों का पालन करते हुए... जमाअत ए इस्लामी हिन्द कोरबा द्वारा समाज के अंदर हमेशा जनकल्याण एवम कौमी एकता के क्षेत्र में कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में जमाअत द्वारा चिमनी भट्ठा, अमरैय्या पारा और रेल्वे कालोनी बस्ती में 25 गरीब परिवार के स्कूली बच्चों को टिफिन गिफ्ट किया गया और उन परिवार के बच्चों को शिक्षा महत्त्व को बताते हुए शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर जमाअत ए इस्लामी हिन्द कोरबा के जिला अध्यक्ष श्री मेहंदी हसन, संगठन के सदस्य श्री शमशेर आलम एवम कार्यकर्ता श्री इमरान खान, श्री अहमद खान।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत राष्ट्रीय कॉनक्लेव 2025 में जिले के डॉ. ललित शुक्ला को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर का मिला पुरस्कार

■ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया सम्मानित



**अम्बिकापुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉनक्लेव 2025 में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के डॉ. ललित शुक्ला को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर (आदि कर्मयोगी अभियान) के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

यह सम्मान उन्हें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चलाए जा रहे ÷आदि कर्मयोगी अभियान÷ में उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रशिक्षण एवं जनजातीय नेतृत्व को सशक्त बनाने के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आरंभ किए गए ÷आदि कर्मयोगी अभियान÷ का उद्देश्य भारत में जनजातीय समाज के लिए एक मजबूत, उत्तरदायी और सहभागी शासन प्रणाली विकसित करना है। इसे विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो कैडर आधारित मॉडल और अंतर-विभागीय अभिसरण पर केंद्रित है। इस अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदायों के अंतिम छोर तक शासन, योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## हवाई सुविधा जन आंदोलन के 6 साल पूरे,छठवीं वर्षगांठ कार्यक्रम के लिए 26 अक्टूबर को हवाई सुविधा जन आंदोलन के 6 साल हो रहे हैं पूरे

### छठवीं वर्षगांठ कार्यक्रम के लिए कल धरना स्थल पर आवश्यक बैठक



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा प्रारंभ किए गए जन आंदोलन के 6 साल आगामी 26 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। समिति ने छठवीं वर्षगांठ पर किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिए कल 19 अक्टूबर रविवार को महा धरना स्थल पर प्रात 11:00 बजे एक बैठक बुलाई है जिसमें सभी सदस्यों और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। गौर तलब है कि एक छोटी शुरुआत के तहत 2019 में 26 अक्टूबर के ही दिन बिलासपुर में एयरपोर्ट विस्तार और हवाई सुविधा के लिए जन आंदोलन प्रारंभ किया गया। विगत 6 सालों में बिलासपुर के जन संगठनों नागरिकों समिति के सदस्यों आदि ने संयुक्त रूप से इस जन आंदोलन को चलकर आशिक उपलब्धि भी हासिल की है आज बिलासपुर में एक एयरपोर्ट संचालित है हालांकि इस सुविधा को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता क्योंकि यहां बड़े बोइंग और एयरबस जैसे विमान उतर नहीं पाते। यही नहीं बिलासपुर से नागरिकों की जो मूल मांग है कि देश के चारों दिशाओं में काम से कम एक महानगर तक सीधी हवाई सेवा उपलब्ध हो वह भी इन 6 सालों में पूरी नहीं हो पाई है। वर्तमान में बिलासपुर से केवल दो महानगर दिल्ली और कोलकाता का हवाई संबंध है और वह भी सप्ताह में केवल तीन दिन और दो दिन हवाई सेवा इन महानगरों तक उपलब्ध है। हैदराबाद और मुंबई के लिए लगातार मांग होने के बाद भी हवाई सेवा मंजूर नहीं की गई है। बिलासपुर दिल्ली सेक्टर को पूर्व में सप्ताह में सातों दिन हवाई जहाज उपलब्ध था जिसे अभी घटा दिया गया है इन सब कारणों की वजह से यह जन आंदोलन लगातार चलाए जाने की आवश्यकता बनी हुई है।

## सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

### गेड़ी दौड़, पिट्ठूल और फुटबॉल खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा



**अम्बिकापुर।** युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लखनपुर, लुण्ड्रा,अंबिकापुर, मैनपाट और सीतापुर ब्लॉक में किया गया। दो दिवसीय इस खेल आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत आयोजित खेलों में गेड़ी दौड़, पिट्ठूल और फुटबॉल प्रतियोगिताएं प्रमुख शामिल हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और प्रतिस्पर्धा के साथ विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविष्वास का विकास होता है, जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि खेल महोत्सव के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में स्थानीय स्तर के खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बुजुर्गों संग मनाई दीवाली, ममता और स्नेह के दीपों से झिलमिलाया वृद्धाश्रम, बुजुर्गों के चेहरों पर लौटी मुस्कान





**रायपुर।** दीपावली के अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माना रायपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीवाली पर्व की खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने स्वयं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और बुजुर्गों को मिठाई, नए वस्त्र एवं उपहार प्रदान किए। वृद्धजनों के बीच बैठकर उन्होंने आत्मीय संवाद किया और उनके स्वास्थ्य तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमारे ये वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज की नींव मजबूत होती है। शासन का प्रयास है कि वृद्धजन सम्मानपूर्वक और आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम परिसर को दीपों और रंगोलियों से सजाया गया था। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मिलकर बुजुर्गों के साथ दीप जलाए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार वृद्धजनों के कल्याण हेतु वृद्धजन सेवा योजना, पेंशन सुविधा, स्वास्थ्य जांच शिविर, मानसिक-सामाजिक परामर्श केंद्र जैसी योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि दीवाली केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि संवेदनाओं को साझा करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे इस पावन पर्व पर अपने आसपास के बुजुर्गों से मिलें, उनका आशीर्वाद लें और उन्हें अपनत्व का अहसास कराएँ।



## नव निर्वाचित बिलासपुर प्रेस क्लब कार्यकारिणी की पहल पर प्रशासन का भरोसा..चाम्पा प्रेस क्लब ने इस निर्णय का स्वागत किया है ..

**बिलासपुर।** बिना जांच अब जिले के उन किसी पत्रकारों के खिलाफएफआईआर नहीं होगी, जो बिलासपुर प्रेस क्लब के सदस्य हैं। ऐसे पत्रकारों के खिलाफ कोई भी गंभीर शिकायत होती है तो एसएसपी रजनेश सिंह एफआईआर करने से पहले डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित करेंगे, जिसमें बिलासपुर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी से नामित एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। प्रेस क्लब से नामित सदस्य के सामने पूरी जांच होगी और जांच में आरोप सही पाए जाने पर ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह सर्कुलर एसएसपी ने जारी किया है..दरअसल, शुक्रवार की शाम बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में कार्यकारिणी और सदस्यों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह से मुलाकात की. अध्यक्ष यादव ने कलेक्टर अग्रवाल और एसएसपी सिंह को बताया कि कुछ सालों में पत्रकारों के खिलाफ लगातार एफआईआर हो रहे हैं, जिनमें कुछ प्रेस क्लब के सदस्य भी हैं। इससे पत्रकारों में समाचार कवरेज को लेकर चिंता होना लाजिमी है। कुछ मामले ऐसे भी आए हैं, जो फर्जी पाए गए हैं, जिसके चलते पुलिस और पत्रकारों के बीच खाई बढ़ जाती है.अध्यक्ष यादव ने एसएसपी को बताया कि हाल ही हमने एक मामले को लेकर आपात बैठक बुलाई थी।

### अपने दिनचर्या को परिवर्तित करके हम किस प्रकार हेल्दी लाइफजी सकते हैं

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम पर संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम पर संगोष्ठी कार्यक्रम , ÷करें योग रहे निरोग÷ का आयोजन किया गया। यह समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर एवं रेड क्रॉस नोडल अधिकारी श्री भरत लाल कंवर के संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि डॉ. योगेश पाण्डेय आयु. विशेषज्ञ पीएचसी कमलपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष सिंह आयु. विशेषज्ञ पीएचसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. योगेश पाण्डेय ने मौसम के अनुरूप भोजन करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया ताकि हम स्वस्थ रह सके। अपने दिनचर्या को परिवर्तित करके हम किस प्रकार हेल्दी लाइफ जी सकते हैं इसके बारे में उन्होंने बताया । नियमित व्यायाम, सूर्योदय से पहले उठना ,समय पर भोजन लेना ,भोजन के नियम, समय पर सोना इन सभी के बारे में उन्होंने बताया। आंवला के महत्व के बारे में बताया कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट का गुण होता है जो बुढ़ापे को रोकने के काम आता है। सिल्वर के बर्तन का उपयोग धीरे-धीरे कम करने और उसकी जगह लोहे एवं स्टील के बर्तनों का उपयोग करने के बारे में कहा।

इसके पश्चात डॉ. संतोष सिंह ने आहार संशोधन, जीवन शैली में संशोधन एवं परहेज करके हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसके बारे में उन्होंने विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से हर एक महीने में कैसे भोजन करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में बताया। उचित समय पर भोजन करने से स्वस्थ का संवर्धन होता है, अधिक चिंता से सभी रोग बढ़ते हैं , अतः हमें सोच समझ कर कार्य, शारीरिक सुख के प्रति आसक्त, दान ,समानता का पालन, सत्यवादी, सहनशील, ज्ञानवान लोगों के प्रति समर्पित, आहार ही सर्वोत्तम औषधि है, मनुष्य में सुख और दुख, शक्ति और दुर्बलता उचित और अनुचित नींद पर निर्भर करती है इन विषयों पर चर्चा की। व्यक्ति को हमेशा अच्छे वचनों का पालन करना चाहिए। प्राचार्य श्री. अमित सिंह बनाफर ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं अपने जीवन में इन सभी बातों को पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ प्रेमलता एक्का, श्रीमती अंजना, श्री आशीष कौशिक, डॉ. गीता सोनी, श्री जफीर, श्री वीरेंद्र सिन्हा , श्री ताराचंद्र साहू ,श्री अशोक राजवाड़े ,श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्री. हेमंत नाविक ,श्री जयकुमार एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## 'ड्रोन से रखी जा रही दीपावली पर पैनी नजर – अध्यक्ष अग्रवाल व निरीक्षक पटेल की हाईटेक पहल से चमकी सक्ती की सुरक्षा व्यवस्था



**सक्ती।** दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से नगर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल एवं नगर निरीक्षक लखन पटेल के संयुक्त तत्वावधान में आज पूरे शहर में ड्रोन कैमरे से हाईटेक मॉनिटरिंग की गई।ड्रोन की नज़र से मुख्य मार्गों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों की लाइव वाचिंग की गई, जिससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा सके। नगर के विभिन्न स्थानों से प्राप्त वीडियो फुटेज के माध्यम से पुलिस और नगर पालिका की टीम ने हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी।दीपावली की पूर्व संध्या पर इस सतर्क और तकनीकी पहल की नगरवासियों ने खुलकर सराहना की। लोगों ने कहा कि ड्रोन कैमरे से निगरानी किए जाने से सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत हुई है तथा नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है, इसे शांति और सौहार्द के साथ मनाना सबकी जिम्मेदारी है। वहीं नगर निरीक्षक लखन पटेल ने बताया कि ड्रोन मॉनिटरिंग के साथ-साथ पुलिस बल भी पूरे शहर में गश्त कर रहा है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का लिया संकल्प आत्मनिर्भर भारत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन



**जशपुरनगर**। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेल का आयोजन जशपुर विधानसभा के सन्ना मंडल स्थित कल्याण आश्रम प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा तथा जशपुर विधायक रायमुनी भगत उपस्थित रहीं। सम्मेलन में हर घर स्वदेशी - घर-घर स्वदेशी का संकल्प लिया गया। स्वावलंबन ही राष्ट्र की शक्ति है- कृष्ण कुमार राय-सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। राय ने कहा जब तक हर नागरिक स्थानीय उत्पादों को अपनाएगा, तब तक देश आर्थिक रूप से मज़बूत नहीं हो सकता। हमें 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना ही सच्चा स्वदेशी आंदोलन है।

**महिलाएँ आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं÷- उद्धेश्वरी पैंकरा**-अपने उद्बोधन में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है ÷यदि हमारे गाँव की महिलाएँ स्वरोजगार अपनाएँगी, तो परिवार ही नहीं, पूरा समाज आत्मनिर्भर बनेगा। हमें छोटे उद्योग, कुटीर उद्योग और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत, आत्मविश्वासी भारत का प्रतीक है- रायमुनी भगत-विधानसभा की विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कौशल और संसाधनों का सही उपयोग करेगा। उन्होंने कहा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, यह मानसिक और सामाजिक स्वतंत्रता का भी प्रतीक है। हमें अपने पारंपरिक हुनर, कृषि और स्थानीय उत्पादों पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक उपेन्द्र यादव ने सम्मेलन की विषयवस्तु रखते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। समापन अवसर पर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के सहसंयोजक शंकर गुप्ता ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने जानकारी दी कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जशपुर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, राजकपूर भगत, डीडीसी गेंदबिहारी सिंह, शरद चौरसिया, रीना बरला, शंकर गुप्ता, केशव यादव, कृपा शंकर भगत, संजीत ओझा, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, आनंद यादव, देवलाल भगत, हरीश आरिक, प्रभाकर यादव, हरिशंकर यादव, नसरुल्लाह सिद्दीकी, बलवंत गुप्ता, आशुतोष राय, विनोद निकुंज, राजा सोनी, राहुल गुप्ता, नागेंद्र भगत, काजल राय, सविता नागेश, इलियास अंसारी, रामनारायण यादव, सुषमा सिंह, सुरेन्द्र भगत, रागिनी भगत, नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, प्रतिमा भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में संकल्प लिया। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी - यही है आत्मनिर्भर भारत की दिशा और देश की शक्ति।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का बेमेतरा जिले में भव्य स्वागत



**बेमेतरा**। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का जिले में आगमन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उनके स्वागत के लिए युवा, महिलाएं और किसान भारी संख्या में सड़कों पर उमड़ पड़े। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पंडरभाठा (जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2) में ग्रामीण महिलाओं के साथ पारंपरिक विधि से आरती की थाल सजाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर अपने नेता के प्रति उल्लास और गर्व व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रतिबिंबित करता नर्तक दल नृत्य करते हुए स्वागत यात्रा में आगे-आगे चल रहा था। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य अंजु बघेल के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने आत्मीय स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान नवयुवक, महिलाएं और बुजुर्ग अपने प्रिय प्रदेश अध्यक्ष से मिलने और आशीर्वाद देने उमड़ते रहे।पूरे समय राहुल टिकरिहा ने भी विनम्रता और संस्कारपूर्वक सभी वरिष्ठों, माताओं और कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी नेता हर्षवर्धन तिवारी ने पिकरी चौक में अपनी टीम के साथ जोरदार स्वागत किया। इसी क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, डॉ सौरव निर्वाणी, पार्षद अशोक शर्मा, युवा नेता दीपक मोटवानी, नागेश, रिंकू साहू, तथा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में उपस्थित रहे। अपने तय कार्यक्रम से लगभग तीन घंटे विलंब से पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का जोश देखने लायक था – युवा कार्यकर्ता उनसे सेल्फी लेने, हाथ मिलाने और अभिवादन करने के लिए उत्सुक नज़र आए। बेमेतरा के कृष्ण मंदिर में आशीर्वाद ग्रहण करने के पश्चात, जब राहुल टिकरिहा का काफिला नगर के मुख्य बस स्टैंड चौक पहुँचा, तो पार्टी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूरा नगर ÷जय भाजपा, जय युवा शक्ति के नारों से गूंज उठा। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू योगेश तिवारी मोंटी साहू अनिल माखीजा, लालचंद मोटवानी, पार्षद रोशन दत्ता, नीतू कोठारी, जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह चंदेल सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड चौक में क्रेन से पुष्पवर्षा करते हुए गजमाला पहना स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा का मंच से केक काटकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन मनाया।

# सहेली महिला संगठन के दीपावली मिलन समारोह में बांटे उपहार



**भंवरपुर**। सीजी सहेली महिला सेवा संगठन द्वारा ग्राम बड़ेसाजापाली में दीपावली के पावन पर्व पर 'दीपावली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। संगठन की संस्थापक शारदा नामदेव साहू और अध्यक्ष जेमा उदयनाथ नायक के कुशल मार्गदर्शन में यह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के निर्धन एवं ज़रूरतमंद महिलाओं के साथ खुशियाँ साझा करना था। दीपावली के उल्लास को बढ़ाने के लिए समारोह में उपस्थित गरीब महिलाओं को संगठन की ओर से शॉल, मिठाई और दाल-चावल का वितरण किया गया। संगठन के इस सराहनीय कार्य ने अनेक परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। संगठन की अध्यक्ष जेमा उदयनाथ नायक ने कहा कि दीपावली का त्योहार हमें रोशनी और खुशियाँ बाँटने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जोर दिया कि वंचित वर्ग की महिलाओं को सहयोग और संबल प्रदान करना ही सीजी सहेली महिला सेवा संगठन का प्रमुख ध्येय है। संस्थापक शारदा नामदेव साहू ने संगठन की सभी सदस्यों के निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि एकजुटता से किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने भविष्य में बड़ेसाजापाली और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं के कल्याण हेतु और भी सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

**सैंकड़ों संख्या में लोग हुए शामिल** - बड़े साजापाली में आयोजित इस दीपावली मिलन समारोह को सफल बनाने में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष जेमा उदयनाथ नायक, उपाध्यक्ष धनेश्वरी सिदार, सचिव गायत्री गौतम साहू, कोषाध्यक्ष फोटो दुर्गेश पटेल, सलाहकार एवं संरक्षक उर्मिला जग्गू निषाद, प्रवक्ता ज्योति सिदार, पूर्व अध्यक्ष सरिता सिदार, तथा सदस्य कुमकुम, सीमा, और लता बोधराम पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। इनके अलावा, ग्राम बड़े साजापाली तथा समस्त क्षेत्रीय महिलाओं ने भी उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कार्यक्रम में जाने से पहले भाजपा नेता को किया गया नजर बंद, संगठन के द्वारा चुने हुए सदस्य के प्रति थे नाराज



**देवभोग** । विधान सभा स्तरीय आत्म निर्भर भारत सम्मेलन शुरू होने से पहले देवभोग् में भाजपा नेता चमार सिंह पात्र नजर बंद किए गए समाज ने विरोध किया तो छोड़ दिया। सम्मेलन में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय समेत कई दिग्गज नेताओं के सामने जिला संगठन नियुक्ति में विसंगतियों को गिनाने की थी तैयारी। देवभोग के इतिहास में पहली बार ऐसे हुआ कि भाजपा के किसी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा नेता को रोका गया हो। प्रदेश स्तरीय आत्म निर्भर भारत का विधानसभा स्तरीय आयोजन देवभोग में हो रहा है। आयोजन ढाई बजे शुरू हुआ, लेकिन उससे पहले भाजपा नेता पूर्व जिला मंत्री एवं माली समाज के सक्रिय नेता चमार सिंह पात्र को नजर बंद कराने की जरूरत पड़ गई।आयोजन शुरू होने से पहले यह बात भाजपा मंच के इर्द गिर्द घूम रही थी कि चमार सिंह भाजपा जिला संगठन नियुक्ति में अनियमितता का गंभीर आरोप लगाने वाले थे। आयोजन में पवन साय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त चंदूलाल साहू समेत संगठन के कई बड़े नेता मौजूद है। इन्हीं की मौजूदगी में चमार सिंह भड़ास निकालने वाले थे। कार्यक्रम शांति ढंग से सम्पन्न हो। कोई शिकवा शिकायत न हो उसके लिए आयोजन शूर होने से पहले चमार सिंह को पुलिस ने थाने में बिठा कर नजर बंद कर दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के पंडरा माली समाज में आक्रोश है हालांकि समाज के हल्ला बोल के बाद चमार सिंह को मंच में वापस आने दिया गया। नजर बंद हुए भाजपा नेता चमार सिंह पात्र ने कहा कि मैंने क्या गुनाह किया, मेरा कसूर बस इतना है कि संगठन में हुए गड़बड़ी को मै अपने ही नेता के सामने रखना चाहता हुं। पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान न देना, फिर आवाज उठाने से पहले पुलिस कस्टडी में भेज देना कितना उचित है।

# अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की ली बैठक



**जशपुरनगर**। अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के घोषणा के तहत स्वीकृति कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें इसके साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाएं योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। अपर कलेक्टर ने पीएम जन मन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी विभागीय कार्यों को केवल ई-आफिस में माध्यम से निष्पादित करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों का जीएसटी रिटर्न फाइल करने एवं सभी कर्मचारियों का ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# सीईओ ने संकल्प शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को किया मोटिवेट जेईई और नीट की पुस्तकों का किया वितरण

## डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने भी विद्यार्थियों को किया प्रेरित



**जशपुरनगर**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर पहुँचकर कक्षा 11वीं और 12वीं पढ़ने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें इंजीनियरिंग तथा चिकित्सा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मोटिवेट किया। इस अवसर पर उनके साथ डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों से फिजिक्स और केमिस्ट्री के कई बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर बात की। सीईओ अभिषेक कुमार ने जेईई और नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ प्रोफेशनल कोर्सेस के दृष्टिकोण से भी अध्ययन किया जाना आवश्यक होता है। 12वीं के बाद इनका महत्व बढ़ जाता है, इसलिए उसी के अनुरूप तैयारी की जानी चाहिए। सीईओ अभिषेक कुमार और कुशवाहा ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और चिकित्सा प्रवेश परीक्षा हेतु भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषय के विभिन्न खंडो और टापिक्स की उपयोगी पुस्तकें भी प्रदान की। च. सी. वर्मा, एस.के. गोयल, अमित एम अग्रवाल, डी सी. पांडेय एवं एलन करियर इंस्टिट्यूट जैसे लेखकों और पब्लिकेशन्स की।

# जिला मॉनीटरिंग सेल एवं यूटीआरसी कमिटी के सदस्यों बैठक



**जशपुरनगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जिला के मॉनीटरिंग सेल की मासिक बैठक, यूटीआरसी का मासिक एवं त्रैमासिक बैठक एवं नालसा योजना डॉन, संवाद, आशा एवं जागृति अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर में गठित यूनिट के सदस्यों बैठक विगत दिवस 16 अक्टूबर 2025 को योजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में यूटीआरसी के अंतर्गत एजेंडा व मिनट्स, जिला एवं तालुका स्तर पर पार्किंग हेतु स्टैण्ड, भवनों में सीपेज, विद्युत, सिविल, साफ -सफाई. स्ट्रीट लाईट, पानी, नोटिस व समंस तामिली आदि की समस्याओं एवं बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिये एक संस्थागत ढांचा तैयार कर, बाल विवाह की प्रथा का उन्मूलन करना, पीड़िताओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने।

# जिला एवं तालुका स्तर के पैरालीगल वॉलिटियर की प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**जशपुरनगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला एवं तालुका स्तर के अंतर्गत कार्यरत अधिकार मित्रों की विगत दिवस 13 अक्टूबर को जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत आमजनों एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के ध्येय वाक्य न्याय सबके लिए तथा नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आम नागरिकों एवं जन समुदाय तक कानूनी सहायता व सलाह उपलब्ध कराये जाने तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किए जाने के प्रयोजनार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा मर्यादा एवं कानून के दायरे में रहकर आमजनों एवं जनसमुदाय के मध्य विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के हितों की रक्षा करने एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदाय किये जाने के संबंध में अधिकार मित्रों (पैरालीगल वॉलिंटियर्स) को सहभागिता से कार्य करते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सहायता व सलाह हेतु सहभागिता से कार्य करते हुये अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ्टीसी) जनार्दन खरे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पैरालीगल वॉलिण्टियर का अर्थ अर्द्ध न्यायी स्वयंसेवक है। समाज के कमजोर वर्गों एवं दूरस्थ अंचलों तक न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करने हेतु नालसा द्वारा कानूनी प्रचार-प्रसार हेतु स्वैच्छिक रूप से इच्छुक व्यक्तियों को पैरालीगल वालंटियर के रूप में कार्य करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिलों में नियुक्त पैरालीगल वालंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है। न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी जशपुर क्रांति कुमार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पैरालीगल वालंटियर को जमानत प्रकरणों, पीडित क्षतिपूर्ति प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस तामिली एवं आर्थिक प्रतिवेदन को प्राथमिकता से समय पर तामिल कर तामिली सूचना प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करना है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला तथा तालुका स्तर में कार्यरत 22 पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# मुद्रा लोन से साकार हुआ सपना, बुढाडांड की प्रीति गुप्ता बनीं लखपति दीदी

**जशपुरनगर**। अपने दुकान में सौंदर्य प्रसाधन से लेकर घरेलू सामान का विक्रय करती प्रीति गुप्ता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उनके चेहरे पर एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है। वह उत्साह से बताती है कि मुद्रा लोन की मदद से वह अपना व्यापार खड़ा कर पाई है। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति ने बताया कि उन्हें 01 लाख रुपए मुद्रा लोन के रूप में मिला था। आज वह अपने व्यापार से सालाना लगभग 2.50 लाख रुपए तक कमाई कर पाती है। विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की रहने वाली प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन लेकर दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर दुकान संचालित करने वाली प्रीति ने धीरे-धीरे ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए दुकान का विस्तार किया।

# किराए पर खाता (म्यूल अकाउंट)देकर लोगों से ठगी करना पड़ा महंगा, ठग को चेन्नई से पकड़ लाई पुलिस

## 2 लाख की ठगी का है मामला, गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जशपुरनगर**। चौकी आरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम टुकुटोली निवासी राजू साय उम्र 50 वर्ष ने चौकी आरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 जुलाई को उसके मोबाइल फेन पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सअप मैसेज आया था, जिसमें बताया गया था कि आपका पी एम किसान निधि योजना चालू हो गया है, और भेजे गए एप लिंक पर क्लिक करने के लिए भी कहा गया, तब प्रार्थी के द्वारा उक्त एप लिंक पर क्लिक कर दिया गया, क्लिक करने पर उसके खाते से ठगो के द्वारा उसके खाते से 02 लाख 35 हजार रु का आहरण कर लिया गया। इस प्रकार ठगो के द्वारा उसके साथ ऑनलाइन ठगी की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल चौकी आरा में बी एन एस की धारा 318,318(4) व 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा प्रार्थी राजू साय के बैंक अकाउंट का स्टेटमेंट निकाल कर, जांच करने पर पाया कि 07.07.24 को, जिस मोबाइल नंबर से प्रार्थी राजू साय को व्हाट्सअप मैसेज आया था, उसी के धारक के द्वारा, प्रार्थी राजू साय के खाते में से अलग अलग किस्त में, 85 हजार रुपए को असम राज्य के केनरा बैंक के एक खाता धारक को व 01 लाख रुपए को असम राज्य के ही एक दूसरे खाताधारक को तथा 50 हजार रुपए को वर्तमान में गिरफ्तार किए गए आरोपी जहुरुल इस्लाम के, एक्सिस बैंक के खाता में आई एम पी एस के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था, व रकम को झारखंड राज्य के धनबाद से एटीएम के माध्यम, निकाल लिया गया था। पुलिस ने अन्य दो खाता धारकों को भी चिन्हित किया लिया था, जिनके खाते में ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन हुआ है। पुलिस के द्वारा लगातार मामले से जुड़े आरोपियों की पता साजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि उक्त मामले के संदिग्ध खाताधारकों में से एक आरोपी जहुरूल इस्लाम, उम्र 23 वर्ष चेन्नई में है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा पुलिस की विशेष टीम गठित कर आरोपी जहुरुल इस्लाम की पता साजी व धर पकड़ हेतु, चेन्नई भेजी गई थी, जहां पुलिस टीम के द्वारा, टेक्निकल टीम की मदद से, आरोपी जहुरूल इस्लाम को हिरासत में लेकर वापस लाया गया।

**ऐसे करता था संचालन** -पुलिस की पूछताछ पर आरोपी जहुरुल इस्लाम ने बताया कि उसके द्वारा वर्ष 2024 में एक्सिस बैंक में अकाउंट खोला गया था, जिसके पासबुक, एटीएम कार्ड तथा चेक बुक को, उसके द्वारा, अपने पड़ोसी गांव के ही एक व्यक्ति को दे दिया गया था। उनके द्वारा ही उसके खाते से ट्रांजेक्शन किया जाता था। आरोपी जहुरुल इस्लाम की निशानदेही पर, पुलिस ने उक्त व्यक्ति को भी चिन्हित कर लिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। मामले से अन्य आरोपी फरार है, पुलिस की पता साजी जारी है, शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी जहुरुल इस्लाम के अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हुआ सीजी आइडियाथॉन का आयोजन

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों के नवाचार को किया प्रोत्साहित




**बलौदाबाजार**। रजत जयंती के अवसर पर जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से एमडीव्ही स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में सीजी आइडियाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए नवाचार मॉडल का अवलोकन किया और उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य नवाचार के माध्यम से बेहतर सोच के साथ अपने आस -पास के चीजों से इस तरह के व्ययवसाय शुरू कराना या तकनीक विकसित करना जो लाभकारी हो और लोगों का जीवन को आसान व बेहतर बनाए। उन्होंने कहा क़ि हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा का सकारात्मक व सृजनात्मक रुप देकर लोगों के जीवन को आसान बनाने के उपाय बना सकते हैं।उन्होंने कहा क़ि किसी के पास कोई आईडिया हो तो उसे आगे लाने अपने मेंटर को बताएं, अपने क्रिएटविटी को आगे बढ़ाएं और अपने प्रतिभा को निखरे। उन्होने कहा क़ि इस आयोजन से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों का जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में एन आई टी रायपुर की सहायक प्राध्यापक सरवनी पुर्खयास्था, सीईओ एनआईटी रायपुर मेधा सिंह इक्यूबेशन मैनेजर सुनील देवांगन ने सीजी आइडियाथॉन 2025 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी एवं विद्यार्थियों के जिज्ञासाओ एवं प्रश्नों का समाधान किये। बताया गया क़ि सीजी आइडियाथॉन 2025 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न संस्थानों एवं जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिनके माध्यम से युवा नवप्रवर्तकों एवं स्टार्टअप्स के संभावनाशील विचारों की पहचान एवं संवर्धन किया जा रहा है । चयनित प्रतिभागियों को अपने नवाचारों का प्रदर्शन राज्योत्सव डेमो डे-पिचिंग इवेंट (नवंबर 2025 के प्रथम सप्ताह) में करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें 51,000 रुपये तक की नकद पुरस्कार राशि दिया जाएगा। इस अवसर पर ज़ीएमडीआईसी गुनेश्वरी साहु, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र छत्राएं उपस्थित थे।



# क्या सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है व्हाइट सॉस पास्ता? क्या कहता है आयुर्वेद

**आजकल खान-पान में कई बदलाव होने लगे हैं। इंडियन कुजीन के साथ और भी कई तरह की कुजीन हमारी डाइट का हिस्सा बन चुकी हैं। पिज्जा, पास्ता और मोमो समेत कई चीजें आजकल लोगों को और खासकर बच्चों को बेहद पसंद आ रही हैं। व्हाइट सॉस पास्ता भी आजकल लोगों की फेवरेट डिश में से एक बन चुका है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि खाने-पीने की कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें हम रोजमर्रा की जिंदगी में शौक से खाते तो हैं लेकिन असल में ये सेहत के लिए नुकसानदेह है।**

आयुर्वेद में खान-पान के तरीके और समय पर काफी जोर दिया जाता है। आज के समय में खान-पान की जिन चीजों का चलन बढ़ गया है, उनमें से कई ऐसी चीजें भी हैं, जिन्हें आयुर्वेद में सेहत के लिए नुकसानदेह बताया गया है। व्हाइट सॉस पास्ता इन्हीं में से एक है। यह क्यों आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है और किस तरह आप इसे हेल्दी तरीके से खा सकती हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि आजकल लोग जब भी बाहर जाते हैं, तो अक्सर व्हाइट सॉस पास्त ऑर्डर करते हैं। घरों में भी इसे बनाने का चलन बढ़ गया है। लेकिन, आयुर्वेद के अनुसार, यह एक धीमा जहर है, जो आपके शरीर को नुकसान पहुंचा रहा है।

- आयुर्वेद का कहना है कि शरीर में टॉक्सिन्स जमा होना और स्किन से जुड़े डिसऑर्डर के पीछे सबसे बड़ी वजह विरुध्द आहार होता है। विरुध्द आहार यानी खाने की दो ऐसी चीजों को एक साथ मिलाकर खाना, जो प्रकृति में एक-दूसरे के विपरीत हैं और सेहत पर बुरा असर डाल सकती हैं।
- जब आप व्हाइट सॉस बनाते हैं, तो इसमें दूध के साथ नमक मिलाते हैं, ये दोनों चीजें एक साथ लेना आयुर्वेद में सही नहीं बताया गया है।
- अगर आप लंबे समय तक इस कॉम्बिनेशन को खाते हैं, तो शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं, स्किन से जुड़ी दिक्कतें हो जाती हैं और अर्थराइटिस भी हो सकती है।
- अगर आप इसे खाना चाहते हैं, तो व्हाइट सॉस बनाते समय रेगुलर मिल्क की जगह प्लांट बेस्ड मिल्क जैसे ओट मिल्क, कोकोनेट मिल्क और सोय मिल्क का इस्तेमाल करें। इससे सेहत को नुकसान नहीं होगा।



# योगासन करने से पहले और बाद में इन बातों का रखें खास ख्याल, फिट रहने में मिलेगी मदद



**योगासन करने से पहले और बाद में कुछ बातों का ख्याल रखने की जरूरत होती है, जिससे फिट रहने में मदद मिल सकती है। आइए, यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि फिट रहने के लिए योगासन करने से पहले और बाद में किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।**

योगासन का महत्व सिर्फ भारत ही नहीं, पूरे दुनिया समझ रही है। योगासन हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग और मन को भी हेल्दी रखने में मदद करता है। योगासन करने के अनेक फायदे हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं योग करने से पहले और बाद में कुछ बातों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। रोजाना योगासन करने से पहले और बाद में किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, यह हमें योग और स्पिचुरल लीडर हिमालयन सिद्धा अक्षर ने बताया है। हिमालयन सिद्धा अक्षर, अक्शर योग केंद्र के फाउंडर हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, योगासन करने से पहले और बाद में वार्म अप, कूल डाउन और न्यूट्रिशन जैसी चीजों का ख्याल रखना चाहिए।

## योगासन से पहले किन बातों का रखें ध्यान?

एक्सपर्ट के मुताबिक, योगासन करने से पहले ठीक तरह से वार्म अप करना जरूरी माना जाता है। इस दौरान हल्के मूवमेंट करने चाहिए, जिससे ब्लड फ्लो और फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है।

### लाइट कार्डियो

योगासन करने से पहले 5-10 मिनट सैर करना, जगह पर ही खड़े रहकर जॉगिंग और जंपिग जैक्स करने की सलाह दी जाती है। क्योंकि यह हार्ट रेट को बढ़ाते हैं।

### ज्वाइंट मूवमेंट

योगासन से पहले अपने हाथ, पैर, गर्दन और कंधों के ज्वाइंट्स को मूव करने की सलाह दी जाती है।

### कैट-काउ स्ट्रेच

एक्सपर्ट के मुताबिक, पीठ की मूवमेंट के लिए पहले आर्च और राउंड बनाने की सलाह दी जाती है।

### सूर्य नमस्कार

पूरे शरीर के वार्म अप के लिए पहले सूर्य नमस्कार के 2-3 राउंड करना फायदेमंद हो सकता है। सूर्य नमस्कार के अनेक फायदे होते हैं।

## योगासन करने से पहले क्या खाना चाहिए?

एक्सपर्ट के मुताबिक, योगासन करने से पहले पोषण से भरपूर भोजन की सलाह दी जाती है, जिससे एनर्जी लेवल बना रहे और किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। योगासन से 2-3 घंटे पहले लाइट डाइट या 30 से 60 मिनट पहले कम मात्रा में स्नेक्स लेने चाहिए।

रोजाना योगाभ्यास करने वालों को पूरे दिन हाइड्रेट रहने की सलाह दी जाती है। लेकिन योगासन करने से तुरंत पहले ज्यादा मात्रा में पानी का सेवन करने से बचना चाहिए।

## योगासन के बाद क्या खाना है फायदेमंद?

- योगासन से पहले मुट्ठीभर नट्स और एक केला खाना फायदेमंद हो सकता है।
- एल्मन्ड बटर के साथ सेब को काटकर भी खाया जा सकता है।
- बेरिज के साथ ग्रीक योगर्ट का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है।
- योगासन करने के 30-60 मिनट में खाना खा लेना चाहिए, इससे शरीर को रिकवर करने में आसानी होती है।
- योगासन के बाद शरीर को हाइड्रेट करना जरूरी हो जाता है, क्योंकि इस दौरान खूब सारे फ्लूयड्स शरीर से निकल जाते हैं। योगासन के बाद नारियल पानी का सेवन करना फायदेमंद माना गया है।
- योगासन करने के बाद प्रोटीन पाउडर, फल और पत्तेदार सब्जियों की स्मूदी का सेवन कर सकते हैं। नट्स के साथ ओटमील, सीड्स और फ्रेश फ्रूट्स का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है।

## योगासन से पहले क्या ना खाएं?

योगासन से पहले भारी और ज्यादा तला-भुना खाने से बचना चाहिए। योगासन से पहले मसालेदार खाने का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई है। भारी मात्रा में भी कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए।

## योगासन के बाद किन बातों का रखें ध्यान?

योगासन के बाद कूल डाउन होने की जरूरत होती है, इससे फिट रहने में मदद मिलती है।

### शवासन

एक्सपर्ट के मुताबिक, योगासन के बाद 5 से 10 मिनट शवासन करना चाहिए, इससे आपके शरीर को आराम तो मिलेगा।

### आसान स्ट्रेचिंग

योगासन करने के बाद शरीर के जिन जगहों पर दर्द का अहसास हो रहा है, उसके लिए 30 से 60 सेकेंड स्ट्रेच करें।

### डीप ब्रीथिंग

योगासन करने के बाद धीरे और डीप ब्रीथिंग करने की सलाह दी जाती है, इससे नर्वस सिस्टम को आराम मिलता है।

### मेडिटेशन

योगासन के बाद थोड़ी देर का मेडिटेशन भी आपके दिमाग और शरीर को रिलेक्स करने में मदद कर सकता है। मेडिटेशन के अनेक फायदे होते हैं।





# सीने में जमा बलगम निकाल देगा घर पर बना यह टॉनिक

**आपने अक्सर घर के बड़े-बुजुर्गों में सर्दी-खांसी, जुकाम, हल्के बुखार, बदन दर्द या पेट दर्द जैसी चीजों को ठीक करने के लिए देसी नुस्खे आजमाते देखा होगा। असल में हमारे किचन में मौजूद कई ऐसी चीजें हैं, जिनके गुणों और इस्तेमाल करने के सही तरीके के बारे में अगर हमें जानकारी हो तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है। लेकिन, इनके बारे में एक्सपर्ट से सलाह लेना भी जरूरी है।**

सीने में जमे कफ को बाहर निकालने में भी कई देसी नुस्खे कारगर हैं। अगर आपके सीने में कफ जमा हुआ है, इसकी वजह से आपको सांस लेने में मुश्किल हो रही है, खांसी बहुत है, तो घर पर इस आयुर्वेदिक टॉनिक को बनाएं। आपको आराम मिलेगा। इसे घर में मौजूद औषधीय गुणों से भरपूर कई चीजों की मदद से बनाया जाता है।

## सीने में जमे बलगम को निकाल देगा यह देसी टॉनिक

- अजवाइन में मौजूद थाइमोल होता है। यह एंटी-सेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। इससे सर्दी-जुकाम में आराम मिलता है।
- अजवाइन में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स, शरीर को अंदर से मजबूती देती है और इम्यून सिस्टम को ताकत मिलती है।
- इससे सीने की जकड़न दूर होती है और सीने में जमा कफ बाहर निकलने में मदद मिलती है।
- गुड़ एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। इसकी तासीर गर्म होती है।
- सौंठ यानी अदरक पाउडर के साथ इसे लेने से गले की खराश और दर्द दूर होता है।
- गुड़, काली मिर्च, इलायची और सौंठ का यह काढ़ा, मौसमी सर्दी-जुकाम से बचाता है और कफ को भी कम करता है।
- काली मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं। यह सर्दी-जुकाम और खांसी को कम करती है।

## सर्दी-खांसी और कफ के लिए बनाएं यह टॉनिक

**सामग्री**

- पानी- 1 कप
- गुड़- 1 टेबलस्पून
- हरी इलायची- आधा टीस्पून
- अजवाइन- 1 टीस्पून
- काली मिर्च- आधा टीस्पून
- सौंठ- आधा टीस्पून
- तुलसी के बीज- 4-5
- लौंग- 2

**विधि**

- पानी को उबलने दें।
- अब इसमें गुड़ मिलाएं और इसे पिघलने दें।
- अब इसमें बाकी सारी चीजें मिला दें।
- इसे धीमी आंच पर पकाएं।
- इसे ठंडा होने पर एक कांच के डिब्बे में बंद करके रखे लें।
- इसे लगभग आधा चम्मच सुबह-शाम शहद या गुनगुने पानी के साथ लें।



# हाई बीपी की है शिकायत तो नाश्ते में भूल से भी ना खाएं ये चार चीजें

**अगर आपको हाई बीपी की शिकायत है तो ऐसे में आपको अपने खान-पान का जरूर ध्यान रखना चाहिए। ऐसे कई फूड्स हैं, जिन्हें हाई बीपी के मरीजों को नाश्ते में खाने से बचना चाहिए।**

नाश्ता दिन का पहला मील होता है और इसलिए इसका सीधा प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। यही कारण है कि आपको अपने नाश्ते का खास ख्याल रखना चाहिए। अमूमन जब आप नाश्ता बनाते हैं तो आपको अपनी हेल्थ कंडीशन पर फोकस करना चाहिए। मसलन, अगर आपको हाई बीपी है तो आपको नाश्ते में कुछ फूड आइटम्स को अवॉयड करना चाहिए। आहार आपके बीपी पर बहुत प्रभाव डाल सकता है। अगर आप सोच-समझकर अपना नाश्ता नहीं बनाते हैं तो इससे आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और आपको परेशान कर सकता है। हाइपरटेंशन समय के साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए, आपको अपने खान-पान को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए।

## हाई सोडियम सेरल्स

अधिकतर लोग नाश्ते में सेरल्स खाना काफी पसंद करते हैं। हालांकि, अगर आपको बीपी की शिकायत है तो आपको नाश्ते में हाई सोडियम सेरल्स खाने से बचना चाहिए। आजकल मार्केट में रेडी-टू-ईट सेरल्स मिलते हैं। इनमें अक्सर अतिरिक्त नमक या फ्लेवरिंग को मिक्स किया जाता है। सोडियम की अधिकता की वजह से इन सेरल्स का सेवन बीपी के मरीजों के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। इसलिए, अगर आपको सेरल्स खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में आप कम सोडियम या अनस्वीटन सेरल्स का चयन करें।

## फाइड फूड्स

हाई बीपी के मरीजों को नाश्ते में डीप फाइड आइटम्स का सेवन करने से भी बचना चाहिए। फाइड फूड्स में अनहेल्दी फैट्स कंटेंट काफी अधिक होता है, इसलिए जब आप इसका सेवन करते हैं तो इससे आपका वजन बढ़ता है। अधिक वजन ब्लड प्रेशर की शिकायत को बढ़ा सकता है।

## व्हाइट ब्रेड और पेस्ट्री

हाई बीपी के मरीजों के लिए रिफाइंड आटे से बनी आइटम्स जैसे व्हाइट ब्रेड, पेस्ट्री और अन्य बेक्ड सामान का सेवन करने से बचना चाहिए। इस तरह की फूड आइटम्स ब्लड शुगर लेवल में स्पाइक का कारण बन सकते हैं। इतना ही नहीं, इससे आपका वजन भी बढ़ सकता है। जिससे भी आपके ब्लड प्रेशर की समस्या बद से बदतर हो सकती है।

## हाई फैट डेयरी प्रोडक्ट्स

नाश्ते में डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करना बेहद आम है। अमूमन लोग नाश्ते में दूध व दही आदि का सेवन करते हैं। लेकिन अगर आपको बीपी की समस्या है तो ऐसे में आपको हाई फैट डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे फुल फैट मिल्क, फुल फैट चीज आदि से बचना चाहिए। इन तरह के प्रोडक्ट्स में सैचुरेटिड फैट अधिक पाया जाता है। इसलिए, इनके सेवन से ब्लड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ सकता है और ऐसे में आपको हाई बीपी की शिकायत हो सकती है। अगर आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप हाई फैट डेयरी प्रोडक्ट्स की जगह स्किम्ड मिल्क आदि का सेवन करना चाहिए।

# दुर्ग भिलाई सहित गांव-गांव में गौरा-गौरी पूजा

## पारंपरिक उल्लास के साथ निकली शोभायात्रा, महिलाओं ने किया नृत्य तो पुरुषों ने निभाई

### सोंटा प्रहार की अनोखी परंपरा

**लोकतंत्र प्रहरी/दुर्ग-भिलाई।** दीपावली के बाद बुधवार को दुर्ग भिलाई सहित गांव-गांव में पारंपरिक उल्लास के साथ गौरा-गौरी पर्व मनाया गया.इस दौरान महिलाओं ने नृत्य किया और पुरुषों में सोंटा प्रहार की अनोखी परंपरा निभाई गई.

बता दें,छत्तीसगढ़ में दीपावली का पर्व सप्ताह भर तक चलता है.धनतेरस, नरकचौदस से लेकर गोवर्धन पूजा,मातर और गौरा गौरी का पर्व मनाया जाता है। इस तारतम्य में बुधवार को गौरा गौरी की शोभायात्रा निकाली गई।आपको बता दें, छत्तीसगढ़ में आज के दिन गौरा जगाने





भगवान शिव और माता पार्वती की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं और पुरुष पारंपरिक नृत्य करते हुए शहर सहित गांव में शोभायात्रा निकाली जिसमें पुरुषवर्ग सोंटा प्रहार की परंपरा निभाई।वहीं यदुवंसी समाज के पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते नजर आये. जिसे छत्तीसगढ़ में राउत नाचा कहा जाता है. बुधवार की सुबह से ही बाजे-गाजे के साथ गौरा-गौरी की शोभायात्रा निकालने का क्रम शुरू हो गया था जो देर रात तक चलता रहा।

# मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी 25 अक्टूबर तक

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत संचालित सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अभियान जारी है। इस अभियान का उद्देश्य योजना के तहत कार्यरत सभी मजदूरों का ई-केवाईसी पूर्ण कराना है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी या भुगतान संबंधी कठिनाई उत्पन्न न हो। जनपद पंचायत बेरला के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों को 25 अक्टूबर तक ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, उन्हें भविष्य में मनरेगा अंतर्गत कार्य करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। ई-केवाईसी के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड शामिल हैं। मजदूर इन दोनों दस्तावेजों के साथ अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। ई-केवाईसी का विशेष महत्व इस बात में निहित है कि इससे मनरेगा योजना के लाभ का सीधा और पारदर्शी हस्तांतरण मजदूरों के बैंक खातों में किया जा सकेगा। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। जनपद पंचायत बेरला ने सभी जॉब कार्डधारियों से अपील की है.

# भिलाई खुर्सीपार में दो बदमाशों ने दो युवकों को चाकू मारा

**एक की मौत,एक युवक गंभीर ,दो आरोपी गिरफ्तार**

**दीपावली की रंगोली पर बाइक चलाने से हुआ था विवाद**



**भिलाई।** भिलाई खुर्सीपार तेल्हानाला इलाके में मामूली बात पर दो बदमाशों ने मिलकर दो युवकों को चाकू मार दिया। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक तुषार वर्मा को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी रविंद्र और राजेश को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

खुर्सीपार थाना के प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर तेल्हानाला क्षेत्र की है। आरोपी रविंद्र और राजेश की भांजी ने घर के सामने रंगोली बनायीं थी जिस पर मृतक मंगल उड़िया और



तुषार वर्मा ने बाइक चला दिया था। इसी बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

दोपहर में मृतक मंगल उड़िया और तुषार वर्मा चाकू लेकर घूम रहे थे। उसी दौरान उनकी आरोपी रविंद्र और राजेश से झड़प हो गई। आरोपियों ने मृतक से चाकू छिनकर दोनों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मंगल की मौके पर ही मौत हो गई और तुषार गंभीर रूप से घायल हो गया है। चाकूबाजी की घटना के बाद से क्षेत्र में बवाल मच गया। पुलिस ने किसी तरह हालात को संभाला।

# बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर- 470 पदों पर की जाएगी भर्ती

## 8वीं पास भी कर सकते हैं आवेदन

**लोकतंत्र प्रहरी/दुर्ग-भिलाई।** नौकरी की आस में बेरोजगार बैठे युवाओं के लिए अच्छी खबर। 31 अक्टूबर को दुर्ग में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दुर्ग जिले के निजी क्षेत्र में 470 पदों पर भर्ती की जाएगी। 8 वीं पास से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगार प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। चयनित होने पर 7 हजार से 20 हजार तक वेतन मिलेगा।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में जय भोले फाईनेंशियन सर्विस दुर्ग के 20 पद (इंशोरेंस एडवाईजर), वन स्टाफिंग सॉल्यूशन प्रा.लि. के 39 पद (शिक्षक, फील्ड एसोसिएट, सोशल मीडिया ऑपरेटर, टेलीकॉलर, वीडियो एडिटर एवं काउंसलर) और सेफ इंटेलिजेंट सर्विस प्रा.लि. के 411 पद (सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर एवं ट्रेनिंग ऑफिसर), कुल 470 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। इन सभी पदों पर वेतन 7000 से




20000 रूपए तक है। 8वीं, 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., बी.ई./बी.टेक एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी erojgar.cg.gov.in, chhattisgarh rozgar app अथवा facebook.com/mccdurg रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण/अंकसूची, पहचानपत्र (मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/पेनकार्ड/ड्रायविंग लाइसेंस / राशन कार्ड), रोजगार कार्यालय का पंजीयनपत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर पेंशनरों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव तहत पेंशनरों को स्वास्थ्य सुविधा लाभ पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील इकाई देवकर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से केशरवानी भवन गांधी चौक देवकर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, पेंशनर समाज के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 62 मरीजो का स्वास्थ्य जांच किया गया,,जिसमे से बीपी के 40 मरीज, शुगर का 10 मरीज, आंख जांच 36 मरीज में देखने में समस्या व मोतियाबिंद पाया गया, जिसमें चश्मा वितरण 5 लोगो को किया गया, उक्त शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ए.के. वर्मा उपस्थित थे। स्वास्थ्य शिविर में ,डॉ रचना साहू, राजीव तिवारी आरएमए, नेमचंद देशमुख नेत्र सहायक अधिकारी, विनोद शर्मा लेब टेक्नीशियन, ममता निषाद स्टाफ नर्स, वंदना शर्मा सहायक ग्रेड 3, सत्येंद्र कुमार साहू आरएचओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। पेंशनर समाज हेतु आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कृष्णा प्रसाद तिवारी जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज जिला बेमेतरा एवं लवकुश प्रसाद अग्रवाल तहसील अध्यक्ष देवकर का विशेष योगदान रहा, इसके साथ सभी पेंशनर समाज उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

# 102 महतारी एक्सप्रेस का घरेलु उपयोग करने वाले ड्राइवर बर्खास्त


Sairam Techno Management Solutions Pvt. Ltd.

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उददेश्य से महत्वकांक्षी योजना के तहत आपताकालीन सेवा हेतु102 महतारी एक्सप्रेस संचालित की जा रही है। ऐसे आपातकालीन सेवा में संलग्न 102 महतारी एक्सप्रेस का घरेलु उपयोग करने वाले ड्राइवर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 को निलेश साहू ड्राइवर 102 महतारी एक्सप्रेस वाहन क्रमांक सीज़ी 074430 की ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कसडोल में लगी हुई थी। जनप्रतिनिधि एवं मीडिया के माध्यम से उक्त वाहन में सीमेंट की बोरी लादते हुए विडियो का खंडचिकित्सा अधिकारी कसडोल द्वारा संज्ञान मे लेकर इस प्रकार के कृत्य को आपातकालीन सेवा में घोर लापरवाही मानते हुए ड्राइवर पर तत्काल कार्यवाही करने प्रबंधक 102 महतारी एक्सप्रेस को पत्र प्रेषित किया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य कार्यालय प्रबंधक 102 महतारी एक्सप्रेस द्वारा तत्काल वाहन चालक निलेश साहु को कार्यमुक्त करते हुए सेवा समाप्त कर दी गई है।

# लाईफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बलौदाबाजार।** राजश्री सदभावना समिति द्वारा संचालित लाईफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बलौदाबाजार में दीपावली पर्व का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां लक्ष्मी की पूजा एवं आरती से हुई, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा दीपावली की परंपराओं को दर्शाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें सुवा नृत्य, राउत नाचा, गौरा-गौरी पूजा जैसे छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रद्धा दुबे ने दीपावली के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज की प्राचार्या ने भी छात्र-छात्राओं को दीपावली की



शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजश्री सदभावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दीपावली की हार्दिक बधाई दी तथा इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दीप प्रज्वलन एवं मिठाई वितरण के साथ हुआ। दीपावली उत्सव ने कॉलेज परिसर को उल्लास एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य मितेश सरीन मसीह एवं शिक्षकगण संध्या घृतलहरे, गीतांजलि उपाध्याय, चन्द्रहासिनी टण्डन, अंजूलता साहू, शोभना रानी साहू, परवीन बानो, तेजस्विनी क्रिस्टी, पिंकी गुप्ता, निधि वर्मा, पूनम वाजपेयी, ढालेन्द्र गिरि, संदीप मिश्रा, राजेंद्र तेहरवांस, कल्याणी यादव, उमा ध्रुव, गंगा साहू, राजेंद्रकृष्ण सोनी, केकती ध्रुव, मोहन घृतलहरे, रामू यादव, कन्हैया लाल यादव, सुन्दरलाल निराला, रेणुका सोनी, संगीता डहरिया, शबनम सागर, उपस्थित रहे।

# डी ए वी जांता में दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

## दीपोत्सव के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के जांता स्थित डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव का त्यौहार मनाया गया दीपोत्सव के जश्न में सराबोर नजर आए बच्चे। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी जी. आर. चतुर्वेदी व विशिष्ट अतिथि डी.एम.सी. समग्र शिक्षा राजकुमार वर्मा व खिरामन वर्मा जी उपस्थित रहें, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य मीनाक्षी दानी चंद्राकर व ग्राम पंचायत जांता सरपंच पूजा देवव्रत मिश्रा उपस्थित रहें। गौरतलब है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के तहत उनके सांस्कृतिक भावों को भी दृष्टिगत रखते हुए डी ए वी विद्यालय हमेशा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। दीपावली पर्व के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शानदार व बालकेंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए व कलात्मक हुनर का लाजवाब प्रदर्शन भी किए। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालय में



सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे दीपावली उत्सव भव्य आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने विस्तृत जानकारी साझा किया करते हुए उदबोधन में कहा कि जब एक दीये से दूसरा दीया रौशन किया जाता है तो पहला दीया बुझता नहीं, बल्कि दोनों मिलकर रोशनी को और भी बढ़ा देते हैं। इसी तरह हमे भी एक-दूसरे का साथ निभाते हुए अपने साथ-साथ समाज और राष्ट्र को भी रोशन करना होगा। हम सबका एक ही उद्देश्य हो व हम अंधेरे से प्रकाश की तरफ बढ़ना सीखें यह ही हमारा वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम ओउम मन्त्र,गायत्री मंत्र व डी ए वी गान के साथ दीपप्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ कर अनेकों प्रतियोगिता जैसे रंगोली प्रतियोगिता, बैनर पोस्टर, पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड, दिया-थाली सजाओं, तोरण सजाओ, कक्षा सजाओ, हाऊस बोर्ड डेकोरेशन आदि का प्रतियोगिता में बच्चों ने क्रियात्मक गतिविधियाँ सीखे दीपोत्सव के सबसे आकर्षक का केंद्र रहा की गौरा-गौरी की झाँकी व लक्ष्मी पूजा झाँकी, नृत्य की प्रस्तुति व राम आएंगे में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान बने झाँकी ने सबके मन को मोह लिया इस भव्य आयोजन में अभिभावको ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिए। साथ ही विभिन्न सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता हुए जिसमें सुवा नृत्य, रावत नाचा, सरगुजा व बस्तरिया नृत्य सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक गीतों, लोक नृत्य और लोक गीतों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुति दिया, जिसमे रंगोली प्रतियोगिता, दिया थाली सजावट , तोरण प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने कर कमलों से सर्टिफिकेट देकर पुरुस्कृत किए। जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी ने उदबोधन में बताया कि वास्तव में जिला में डी ए वी मुख्यमंत्री एक अनोखा वरदान साबित होते जा रहा है व यहां संस्था में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्रियात्मक व गतिविधियाँ पूर्ण पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी राष्ट्रीय स्तर तक व विज्ञान के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर तक बच्चे यहाँ के पहुँच रहे हैं मैं आज सभी को पुरस्कृत करते हुए हर्षित हो हूँ। साथ सीबीएसई शिक्षा के लिए यहाँ पालक जागरूक हो रहे हैं ये जानकार मुझे प्रसन्नता हो रही हैं। विद्यालय में इस तरह के आयोजन में मैं हमेशा आता रहूंगा और स्कूल के विकास में मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। इस तरह डी एम सी राजकुमार ने भी स्कूल को अपना परिवार बताते हुए बताया कि वास्तव में मैं स्कूल से लंबे समय से जुड़ा हुआ हूं और स्कूल में बहुत ही सराहनीय कार्य होते आ रहा है और निश्चित ही यह डी ए वी मुख्यमंत्री स्कूल हमारे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा है यह खुशी है। संस्था के शिक्षकगण ललित देवांगन, गोविंद साहू, अखिलेश पटेल, अनिल चंद्रवंश, आयुषी जैन, दीपिका वर्मा, विमल साहू, ऐश्वर्य देशमुख, साक्षी शर्मा, संदीप साहू, ममता चंद्राकर, अमित कुमार साहू, अभिषेक दुबे, प्रवीण कुमार, शोभा रानी, पूनम शर्मा, रेणुका पटेल, रितिका साहू, राजा तंतुवाय, लेखनी चंद्राकर, प्रीति यादव, माननी, स्वप्निल शर्मा, आर्य निधि, गौरी यादव, भारती, अनिल कुमार, कैलाश सिंह, अन्नू चन्द्रकाकर, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी, युवराज चंद्राकर, नरेश, विजय चंद्राकर, व सुभाष आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाए।

# सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट करते हुए, मोबाइल छीनकर उसके कवर में रखे 4000 लूटने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार




बलौदाबाजार। सिक्योरिटी गार्ड भागीरथी यादव अंबुजा सीमेंट प्लांट रवान द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी लक्की वर्मा, योगेश यादव एवं शुभम ध्रुव प्लांट अंदर घुसकर लोहे का चैनल इकट्ठा कर, उसे चोरी करते हुए ले जाने की फिराक में थे, प्रार्थी के ड्यूटी करते हुए वहां पहुंचने पर सभी आरोपी वहां से भाग गए। फिर कुछ समय पश्चात तीनों आरोपी वहां पर पुनः आए एवं सिक्योरिटी गार्ड को अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ एवं लोहे के धारदार वस्तु से हमला कर सिक्योरिटी गार्ड को चोंट पहुंचाएं है। साथ ही आरोपियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के मोबाइल फोन को भी छीन लिया गया एवं उसके कवर में रखे 4000 को लूट कर भाग गए, कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1002/2025 धारा 109(1),309(4), 296,115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी करने के लिए अंबुजा प्लांट के अंदर जाना एवं सिक्योरिटी गार्ड के देख लेने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए, उसके साथ मारपीट कर उसे चोट पहुंचाना तथा सिक्योरिटी गार्ड का मोबाइल छीनकर उसमें रखे 4000 को लूटकर भाग जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के साथ प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com